हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, बुधवार, 16 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 38.8 डिग्री
न्यूनतम 20.9 डिग्री

13 जल संकट से निपटने ग्रामीणों को सौंपा पानी का टैंकर



13 कुपोषण मुक्त गांव बनाने दी गई जानकारी





## खबर संक्षेप

### निगम कर्मचारियों को मिला नियुक्ति पत्र



**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई में पदोन्नति हेतु नियमित पद नहीं होने के कारण लम्बे अवधि से निगम के कुछ कर्मचारियो का पदोन्नति विगत 14 वर्षो से लंबित था। जैसे ही पद रिक्त हुआ आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर छानबीन समिति गठित की गई। सिन्यारटी एवं योग्यता को आधार मानते हुए 5 कर्मचारियो को पदोन्नत किया गया। आज पदोन्नत कर्मचारियो को आयुक्त द्वारा पदोन्नति पत्र प्रदान किया गया। राजस्व निरीक्षक अनिल मेश्राम को सहायक राजस्व अधिकारी, चौकीदार शशिभूषण मोहंती को सहायक ग्रेड-3, संतराम देवांगन, दिनेश बेलचंदन एवं कोमल पटेल को चौकीदार पद से पदोन्नत करते हुए सहायक राजस्व निरीक्षक बनाया गया। आयुक्त पाण्डेय ने स्थापना अधीक्षक रिता चतुर्वेदी को निर्देश दिए है कि अन्य किसी कर्मचारी का पदोन्नति या अनुकंपा नियुक्ति लंबित है, तो सभी प्रकरणो को शीध्रता से प्रस्तुत किया जावे। जिससे समय अवधि में सबका निवारण किया जा सके।

### गंजमण्डी के पास पाइप लाइन संधारण शुरू



**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के शिवनाथ इंटेकवेल में रॉ-वाटर जलशोधन संयंत्र में दुर्ग गंज पारा के सामने पाइप लाईन में लिकेज हो रहा था। जिसका संधारण का कार्य शुरू कर दिया गया है। जलशोधन संयंत्र में 1000 डाया का पाइप बिछा हुआ है। यह सबसे महत्वपूर्ण पाइप लाईन है, इसी के माध्यम से नगर निगम के 77 एम.एल.डी एवं 66 एम.एल.डी जलशोधन संयंत्र में पानी पहुंचाया जाता है। फिर वहां से शुद्विकरण करके पीने योग्य बनाया जाता है। तत्पश्चात निगम क्षेत्र के सभी बड़ी टंकियों को भरा जाता है, वहीं से सभी क्षेत्रों में पानी का वितरण किया जाता है। जब तक जलशोधन संयंत्र भरेगा नहीं तब तक पानी सप्लाई नहीं हो पाएगा। पाइप लाईन के लिए खुदाई शुरू हो गई है, निगम के जल विभाग का पुरा अमला लगा हुआ है। शीध्र से शीध्र कार्य को पूर्ण कराया जाएगा। घरों में पानी को स्टोर करके रख लेवें। निगम द्वारा सभी क्षेत्रों में टेंकर से पानी पहुंचाने का कार्य किया जाएगा।

### सुरक्षा में लापरवाही : ग्राम बेलौदी, भिलाई-3 उमदा, कुम्हारी की घटना

# सड़क हादसे में चार की मौत, तीन माह में 359 घटनाओं में 114 लोगों की गई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

*दो दिन में सड़क दुर्घटना में 4 लोगों की मौत हो गई। सोमवार को जेवरा सिरसा थाना अंतर्गत एक मासूम व एक महिला सहित दो लोगों की मौत हो गई। सोमवार-मंगलवार को भिलाई-3 व कुम्हारी में 2 लोगों की मौत हो गई। ग्राम बेलौदी मालूद गांव में घर में खाना खाकर बाहर बैठे परिवार को ट्रैक्टर चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए चपेट में लिया। घटना में आठ वर्ष की बालिका और 45 वर्ष की एक महिला की मौत हो गई है। वहीं तीन लोग गंभीर रुप से घायल हुए है। उधर जिले में पिछले तीन महीने में 359 सड़क हादसों में 114 लोग अभी तक जान गवा चुके हैं। हालांकि ट्रैफिक पुलिस का कहना है कि वह जागरूकता अभियान चला रही है।*

जेवरा सिरसा पुलिस ने बताया कि रात को ग्राम बेलौदी मालूद गांव में खाना खाकर पांच लोग मकान के बाहर बैठे हुए थे। इस दौरान ट्रैक्टर चालक लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए आया और संतोषी निषाद, सरस्वती देशमुख, राही बाई पारकर, राजकुमारी निषाद, दोपांशी को चपेट में लिया। मौके पर संतोषी निषाद 7 वर्ष और सरस्वती देशमुख 45 वर्ष की मौत हो गई। वहीं राही, राजकुमारी का उपचार जिला अस्पताल दुर्ग और दोपांशी को निजी अस्पताल में रेफर किया गया है। जहां कई भारी वाहनों का आना जाना लगा रहता है। घटना के बाद ग्रामीणों ने सड़क पर चक्काजाम कर दिया था। खबर लगने पर मौके पर पुलिस पहुंची और समझाने के बाद शव को पीएम के लिए मरचूरी भेज दिया गया। वहीं उमदा में बाइक सीजी07 बीएफ 8446 में सवार पायल पटेल को ट्रैलर एनएल 01 एजे 4197 के चालक ने ठोकर मार दी। वहीं निकुम निवासी संदीप यादव शादी कार्यक्रम से लौटते समय कुम्हारी सड़क पर बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। संदीप की मौत हो गई। मृतक प्राइवेट वर्क करता था।

## तीन घायलों का अस्पताल में चल रहा है उपचार, पुलिस कर रही जांच

### मृतके परिजनों को ढाई-ढाई लाख

हादसे में संतोषी और सरस्वती की मौत पर ठेका कंपनी ने परिजनों को ढ़ाई-ढ़ाई लाख रुपए देने की बात कही है। इसके बाद पीड़ित परिजनों ने मंगलवार सुबह 10 बजे फिर से मुआवजे की मांग को लेकर चक्काजाम कर नारेबाजी की। हालांकि, मुआवजा देने के आश्वासन मिलने के बाद ग्रामीणों ने चक्काजाम खत्म कर दिया। मौके पर तहसीलदार समेत पुलिस अफसर भी पहुंचे थे। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि सड़क किनारे बने मकानों के आसपास से गुजरने वाले वाहनों की रफ्तार धीरे करने की मांग किया है।



**खास बातें**

- टैक्टर में म्यूजिक फूल आवाज में चल रहा था।
- हादसे के 2 घंटे बाद गांव में एम्बुलेंस पहुंचा।
- वाहन में चालक समेत तीन लोग थे सवाल



मृतिका संतोषी

### जिले में हुए सड़क हादसों का आंकड़ा

| माह | हादसा | मौत |
|---|---|---|
| **2025** | | |
| जनवरी | 137 | 47 |
| फरवरी | 102 | 30 |
| मार्च | 120 | 37 |
| **2024** | | |
| जनवरी | 124 | 41 |
| फरवरी | 104 | 27 |
| मार्च | 105 | 24 |
| **2023** | | |
| जनवरी | 134 | 38 |
| फरवरी | 88 | 30 |
| मार्च | 91 | 29 |

### आक्रोशित ग्रामीणों ने रात में किया था चक्काजाम

हादसे के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने रात में ही मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया था। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर पुलिस ने लोगों को शांत कराया। इस दौरान वाहनों का आना जाना रुक गया था। सड़क पर वाहनों की लंबी लाइन कतार लग गई थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह हटाकर वाहनों के काफिले को एक-एक कर सबको छोड़ा गया। आक्रोशित लोगों को सझाकर माहौल को शांत किया गया।मौके पर तीन थाने का बल समेत प्रभारी कंट्रोल करने रात को ही पहुंच गए थे।

### जागरुकता अभियान जारी है



ट्रैफिक को लेकर लोगों में जागरुकता अभियान भी चलाया जा रहा है। हादसों को रोकने के लिए लगातार लोगों के बीच पहुंच कर ट्रैफिक नियमों को लेकर जागरुक किया जा रहा है। हादसों को लेकर विभाग सजग है। वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियमों का पालन सभी को करना चाहिए।
**-ऋचा मिश्रा,** एएसपी ट्रैफिक

# दबंगई दिखाने वाले चार युवकों को पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



शोभायात्रा के दौरान युवक शराब पीने के लिए रुपए की डिमांड कर रहे थे। इस दौरान आरोपियों ने युवक के पेट पर चाकू से हमला भी किया था। पुलिस चारों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि वार्ड 3 नाकापारा जामुल निवासी छोटू निर्मलकर हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर शोभायात्रा निकाला था। शोभायात्रा दुर्गा मंदिर के पास पहुंचा ही था। इस दौरान श्रमिक नगर जामुल निवासी राजेश कुमार, शीतला पारा हथखोज सूरज पासवान, एफसीआई गोदाम के पास हथखोज चन्द्रप्रकाश ढीमर, शीतला पारा हथखोज थाना भिलाई तीन करन कुमार राजभर चारों पहुंचे। शराब पीने के लिए रुपए का डिमांड कर रहे थे। रुपए देने से इंकार करने पर छोटू के साथ हाथ मुक्के से मारपीट करने लगे। चाकू से युवकों ने पीड़ित के पेट पर वार कर फरार हो गए। सूचना पर पुलिस ने आरोपी राजेश, सूरज,चन्द्रप्रकाश, करन को गिरफ्तार किया।




# एक साथ पले-बढ़े, अनहोनी ऐसी कि मौत के बाद चिता भी जली साथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

तांदुला नहर सेलुद के पानी के बहाव में डूबे दो दोस्तों के शव को एसडीआरएफ की टीम ने तीसरे दिन खोज निकाला है। दोनों का अंतिम संस्कार शिवनाथ नदी मुक्तिधाम दुर्ग में गमगीन माहौल में किया गया। सबसे अहम बात तो यह है कि बचपन से ही दोनों एक साथ खेले ौर स्कूल में भी साथ में पड़े। इन दोस्तों की नौकरी भी साथ में मंत्रालय में लगी। अनहोनी ऐसी थी कि दोनों की मौत भी साथ में हुई। मिली जानकारी के मुताबिक आनंद नगर धनोरा निवासी प्रहलाद यादव और कसारीडीह दुर्ग नंद किशोर ध्रुर्वे, आकाश चंद्राकर के साथ कार में घूमने के लिए धमतरी माता का दर्शन कर घर लौट रहे थे। रविवार देर शाम सेलुद नहर के पास पहुंचने पर आराम के लिए रुके और नंद किशोर, प्रहलाद नहर में उतर गए। अचानक प्रहलाद का पैर फिसल गया तब पानी के तेज बहाव के चलते डूब गए। जिसे बचाने के लिए नंद किशोर तेज बहाव में कूद गया। लेकिन दोनों बहाव में डूब गए। सूचना पर तीन दिनों तक एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू कर शव मंगलवार को बाहर निकाला। शवों की खोज के लिए तांदूला से नहर का पानी को बंद करवाया गया था। तब जाकर रेस्क्यू पूरा हो पाया। दोनों मृतक नया रायपुर स्थित मंत्रालय में कार्यरत थे। धमतरी के गंगरेल बांध और बिलाई माता मंदिर कर तीनों घर लौट रहे थे। शव मिलने के बाद उतई पुलिस ने शवों को पीएम के लिए भेज दिया । उसके बाद परिजनों को शव सौंपा गया। टीम ने 24 घंटे बाद प्रहलाद के शव को बाहर निकाला लेकिन 36 घंटे बाद नंद किशोर का शव नहर के भीतर मिला।

- रविवार को सेलूद में तांदुला नहर की घटना



### एक साथ पले बढे है दोनों

परिजनों के मुताबिक प्रहलाद यादव और नंद किशोर ध्रुर्वे एक साथ कसारीडीह दुर्ग में पड़ोसी हुआ करते थे। साथ में पले बढे है नौकरी भी दोनों की मंत्रालय में लगी। नंद कुमार, प्रहलाद की गहरी दोस्ती थी। जहां भी जाना है साथ में जाया करते थे। घटना में मौत भी एक साथ हुई और चिंता भी एक साथ जलाई गई। दुर्ग मुक्तिधाम में शव के लिए जगह नहीं मिलने पर पड़े पुराने राख किनारे गमगीन माहौल में नंद किशोर का अंतिम संस्कार किया गया। प्रहलाद की पत्नी आरती नर्स है। मृतक का एक भाई अधिवक्ता नारायण यादव व एक बड़ी बहन है।

### शव हो चुका था डिंकपोज

बताया गया है कि मृतक नंद किशोर ध्रुर्वे और प्रहलाद यादव का शव नहर में डूबने रहने से डिंकपोज हो गया था। शव को बाहर निकालने के बाद उसे पीएम के लिए भेजा गया। जहां शव को पीएम होने में काफी दिक्कत हो रही थी। शव डिंकपोज होने से बड़ी दिक्कत हुई। किसी तरह शव का पीएम हुआ और उसे परिजनों को सौंप दिया गया। दोनों के शव को परिजन घर लेकर गए जहां परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हुआ। फिर तेज बारिश ने अंतिम संस्कार में ले जाने में काफी लेट हुआ।




### इतनी तेज अंधड़ कि लोगों को कारें तक रोकनी पड़ी

# मौसम ने ली करवट, दोपहर में तेज धूप और अपरान्ह 3.45 बजे अंधड़ के साथ बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

मंगलवार को मौसम ने अचानक अपने तेवर बदल दिए। सुबह से लेकर दोपहर 3 बजे तक तेज धूप से लोग खासे परेशान थे लेकिन आधे घंटे यानी अपरान्ह 3.45 बजे तेज आंधी शुरू हो गई। अंधड़ करीब आधे घंटे तक चलता रहा। इस बीच बारिश भी कई क्षेत्रों में शुरू हो गई। अधंड़ इतनी तेज थी कि लोग जहां-तहां खड़े हो गए। चार पहिया वाहनों को भी रोकना पड़ा। मौसम विभाग के इस बदलाव से पारा लुढ़क गया है। इससे तापमान में गिरावट आई है और लोगों को तेज गर्मी से फौरीतौर पर राहत मिली है। वहीं मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि ऐसी स्थिति 16 अप्रैल को भी रह सकती है।

## पारा 3 डिग्री सेल्सियस आया नीचे, लोगों को गर्मी से मिली राहत

### दो द्रोणिका हैं वातावरण में सक्रिय

मौसम विज्ञानी डॉ. एच पी चंद्रा ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ, एक द्रोणिका के रूप में उत्तर बिहार से उत्तर तटीय आंध्र प्रदेश तक 5.8 किलोमीटर ऊंचाई पर स्थित है । एक उपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण मध्य-मध्य प्रदेश के दक्षिण में 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है । दूसरा द्रोणिका मध्य-मध्य प्रदेश के दक्षिण भाग से दक्षिण गंगेटिक पश्चिम बंगाल तक छत्तीसगढ होते हुए 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है ।




### आज भी हल्की बारिश व छीटें की संभावना

मौसम विभाग के मुताबिक 16 अप्रैल को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश के एक दो स्थानों पर गरज-चमक चमक के साथ अंधड़ चलने, वज्रपात होने और ओला वृष्टि होने के संकेत है।

# मध्यम कुपोषित को सामान्य श्रेणी में लाने अफसर फील्ड में करें काम: मंत्री

**महिला एवं बाल विकास मंत्री ने ली समीक्षा बैठक, अफसरों को दिए निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण विभाग की मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने आज दुर्ग के सर्किट हाउस में विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों की व्यवस्था, पोषण की गुणवत्ता और योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए। मंत्री ाजवाड़े ने कहा कि परियोजना अधिकारी नियमित रूप से आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण करें। जिन केंद्रों में सुविधाओं की कमी है, वहां त्वरित कार्रवाई की जाए। बच्चों को मिलने वाला पोषण गुणवत्तापूर्ण हो, इसकी ज़िम्मेदारी अधिकारियों की है। उन्होंने 'पोषण ट्रैकर में 100 प्रतिशत एंट्री सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने स्व-सहायता समूहों के साथ समन्वय बढ़ाने की बात कही, ताकि उन्हें रेडी-टू-ईट, स्थानीय उत्पाद निर्माण एवं विपणन से जोड़ा जा सके और ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त किया जा सके।

**खास बातें**

- कुपोषित बच्चों पर विशेष फोकस करने के निर्देश
- मंत्री के साथ विधायक भी रहे शामिल, कहा अफसर फील्ड पर करे काम
- समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों को दिए निर्देश

### नियुक्तियों की भी ली विस्तार से जानकारी

महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि जिन क्षेत्रों में योजनाओं का क्रियान्वयन धीमा है, वहां ज़िला अधिकारी और परियोजना अधिकारी व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदारी लें और कार्ययोजना बनाकर काम करें। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की नियुक्तियों की भी जानकारी ली, जिस पर बताया गया कि रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया चल रही है।



### जिले में 770 कुपोषित बच्चे

बैठक में बताया गया कि जिले में 770 गंभीर रूप से कुपोषित और 5669 मध्यम कुपोषित बच्चे हैं। इस पर मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने निर्देश दिए कि मध्यम कुपोषित बच्चों को सामान्य श्रेणी में लाने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाकर शीघ्र कार्रवाई की जाए। उन्होंने परियोजना अधिकारियों को कहा कि कार्यालयों तक सीमित न रहकर फील्ड में जाएं और जमीनी स्तर पर कार्य करें। इस समीक्षा बैठक में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव, एडीएम अरविन्द एक्का, जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे, एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### युवती ने की ठगी

**भिलाई।** सिम कार्ड का झांसा देकर ठगी करने के मामले में पुलिस ने ज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 420, 419 के तहत कार्रवाई किया है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि सडक नंबर 50 क्वा 9/अ जोन 2 खुर्सीपार निवासी रियाजुल होदा इलेक्ट्रीशियन है। ओम लॉज खुर्सीपार के पास एक युवती सिम बेच रही थी। युवती ने आधार कार्ड से लाईव फोटो व बायोमेट्रिक लेकर पीड़ित के जानकारी के बगैर अन्य को सिम आबंटित कर ठगी किया।

### पांच जुआरी गिरफ्तार 92 हजार 270 रु बरामद

**भिलाई।** जुआ खेल रहे पांच जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जुआरियों के खिलाफ पुलिस ने जुआ एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने यश उर्फ नमनदीप के घर के छत पर बाबादीप सिंह कालोनी भिलाई में दबिश दिया। जहां से पुराना मछली मार्केट शिवाजी चौक प्रेमप्रकाश चौधरी, यश उर्फ नमनदीप, शर्मा कालोनी खजुर लाईन केम्प 2 पंकज, मिलन चौक केम्प 2 सचिन, विमलेश साव को पकड़ा गया। जुआरियों के पास से पुलिस ने कुल 92 हजार 270 रुपए और ताश पत्ती जब्त किया।

### सिम पोर्ट के नाम पर ठगी

**भिलाई।** सिम पोर्ट कराने का झांसा देकर ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420, 467, 468 भादवि, 66 (सी) आईटी, एक्ट एवं टेली कम्युनिकेशन एक्ट 42(3) (ए) के तहत जुर्म दर्ज किया है। नेवई पुलिस ने बताया कि इंदिरा चौक स्टेशन मरोदा थाना नेवई निवासी ललित कुमार पारधी अप्रैल 2024 में एयरटेल का सिम बेचने वाला आरोपी आशीष मेंडेकर स्टेशन मरोदा में बेचने आया था। आरोपी के पास पीड़ित सिम पोर्ट कराने पहुंचा था। उसने आधार कार्ड व बायोमैट्रिक लेकर तकनीकी समस्या बता कर आधार कार्ड का दुरूपयोग कर ठगी किया।

### समिति की बैठक आज

**दुर्ग।** जिपं मुख्य कार्यपालन अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार जिला स्वच्छ भारत मिशन प्रबंधन समिति की बैठक कलेक्टर की अध्यक्षता में 16 अप्रैल को शाम 4 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है।

## कलेक्टर ने किया आदेश जारी, खरीदी बिक्री और नामांतरण पर लगाई रोक

# नई रेल लाइन परियोजना के लिए दो दर्जन गांव के जमीन की खरीदी-बिक्री पर लगा प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

परमालकसा से नया रायपुर होते हुए खरसिया तक प्रस्तावित नई रेल लाइन के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। भू-अर्जन की प्रक्रिया के पहले भूमि के बटांकन और छोटे टुकड़ों में अंतरण की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने मंगलवार को एक आदेश जारी कर दो दर्जन गांव की भूमि के अंतरण, बटांकन, व्यपवर्तन और भूमि के खरीदी-बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है। इस आदेश के जारी होने के बाद वह माफियाओं में खलबली मच गई है।

उल्लेखनीय है कि, केंद्रीय रेल मंत्रालय ने परमालकसा से नया रायपुर होते हुए खरसिया तक नई रेल लाइन पर अपनी हरी झंडी दिखा दी है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर ने जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू की है। जिसके पहले चरण खरीदी पर रोक में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने नई लाइन के लिए भूमि अधिग्रहित करने की प्रक्रिया तक 23 गांव की जमीन की खरीदी-बिक्री पर रोक लगाई है।



प्रशासनिक सूत्रों ने बताया कि भू-अर्जन प्रक्रिया के पहले भूमि का बटांकन, छोटे टुकड़ों में अंतरण एवं प्रयोजन में परिवर्तन के कारण इसकी लागत में अप्रत्याशित वृद्धि हो जाती है। जमीन दलाल और भू-माफियाओं द्वारा लाभ अर्जित किया जाता है। यही कारण है कि भूमि अर्जन प्रक्रिया के पहले प्रशासन ने यह आदेश जारी किया है। नई रेल लाइन को हरी झंडी मिलने के साथ ही पिछले कुछ दिनों से शहर के भू-माफिया प्रस्तावित रेल लाइन के समीप के गांवों में लगातार खरीदी-बिक्री में जुट गए थे। यही कारण है कि प्रशासन द्वारा प्रतिबंध का आदेश जारी किए जाने से जमीन दलालों और भू-माफियाओं में खलबली मच गई है।

### तत्काल प्रभाव से लागू होगा आदेश

प्रस्तावित रेलवे लाईन की जानकारी होने के बावजूद कुछ लोग और दलाल बिना किसी वैध अनुमति या कानूनी जांच के जमीन के लेन-देन में लिप्त हो जाते है। इससे न केवल ग्रामीणों को भविष्य में समस्याओं का सामना करना पड़ता है, बल्कि इस महत्वपूर्ण सार्वजनिक परियोजना के क्रियान्वयन में भी बाधा उत्पन्न हो सकती है। उक्त रेलवे लाइन के अभिसरण क्षेत्र में आने वाली सभी भूमियों की खरीद-बिक्री पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाने हेतु अनुरोध किया गया। छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता (संशोधन) अधिनियम 2024 छ.ग. राजपत्र में प्रकाशन द्वारा धारा 165, 172 एवं 178-ख के संशोधित प्रावधानों के अनुसार अपेक्षक निकाय से प्रस्ताव प्राप्त होने के पश्चात या अर्जन हेतु अधिसूचना जारी होने के पश्चात भू-अर्जन हेतु प्रस्तावित भूमि का खाता विभाजन, अंतरण, व्यपवर्तन प्रतिषिद्ध किया गया है।

### दुर्ग में 13 और पाटन में 10 गांव होंगे प्रभावित

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने खरसिया-नया रायपुर-परमलकसा परियोजना नई रेलवे लाइन में प्रभावित पाटन अनुभाग के सम्मिलित ग्राम-ठकुराईनटोला, बठेना, देमार अरसनारा, नवागांव, देवादा, सांतरा, मानिकचौरी, बोहारडीह, फेकारी, धौराभाठा तथा दुर्ग अनुभाग के सम्मिलित ग्राम घुघसीडीह, खोपली, बोरीगारका, पुरई, कोकड़ी, कोड़िया, भानपुरी, चंदखुरी, कोनारी, चंगोरी, बिरेझर, थनौद कुल 23 ग्रामों के निजी भूमि का खाता विभाजन, अंतरण, व्यपवर्तन, खरीदी-बिक्री आदि को प्रभावित ग्रामीणों के हितों की रक्षा और परियोजना के कार्यान्वयन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश तक अस्थायीरूप से प्रतिबंधित किया है।

## बस स्टैंड का होगा विस्तार

# विधायक ने अधिकारियों के साथ किया स्थल निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

स्थानीय बस स्टैंड का विस्तार होगा, बस में सफर करने वाले यात्रियों के लिए प्रतीक्षालय सहित आधुनिक सुविधाए होंगी, बड़े शहरों के तर्ज बस स्टैंड का नवनिर्माण करने संबंधित शहर विधायक गजेन्द्र यादव, कलेक्टर अभिजीत सिंह, निगम आयुक्त ने विभागीय अधिकारी और इंजिनियर के साथ होने वाले विकास कार्य के लिए सभी पहलुओं पर स्थल निरिक्षण कर ले आउट बनाने निर्देश दिए। दुर्ग शहर के बरसों पुराने बस स्टैंड का कायाकल्प किया जाना है। लगातार बसों की बढ़ती संख्या और पुराने समय के अनुरूप बने बस स्टैंड को लेकर जनता द्वारा इसका विस्तार करने की मांग हो रही थी जिसे विधायक गजेन्द्र यादव ने संज्ञान में लिए और जिला मुख्यालय होने के कारण जिलेभर से बड़ी संख्या में आने जाने वाले यात्रियों की सुविधा का विस्तार करते हुए सभी आवश्यक कार्य किये जाने स्थल निरिक्षण कर आगामी समय के अनुसार प्लानिंग करके बस स्टैंड तैयार करने निर्देश दिए। उन्होंने कहा प्रदेश की भाजपा सरकार सभी क्षेत्रों में विकास करने निरंतर काम कर रही है। दुर्ग को विकसित शहर बनाने की दिशा में बस स्टैंड का विस्तार महत्वपूर्ण कदम होगा।

### इंजीनियरों की टीम भी रही शामिल

इंजिनियरो की टीम ने बस स्टैंड के विस्तार में यात्रियों की सुविधा में क्या क्या बेहतर हो सकता है, नई व्यवस्था में दुर्ग से जाने वाले बसों के रूट अनुसार बस खड़े होने का निर्धारित स्थान रहेगा। यात्री प्रतीक्षालय, टॉयलेट, व्यापारीक काम्प्लेक्स रहेगा। स्थल निरिक्षण में विधायक गजेन्द्र यादव, कलेक्टर, एसडीएम, निगम आयुक्त, पीडब्लूडी, सिंचाई विभाग के इंजिनियर और अधिकारी उपस्थित रहे उन्होंने पीडब्लूडी और सिंचाई विभाग के लाइट मशीनरी और विद्युत यांत्रिकी कार्यालय के खाली स्थल का निरिक्षण किये। उक्त जमीन को अधिग्रहण करने और ले आउट बनाने निर्देश दिए। यात्री बसों की संख्या अधिक होने के कारण बस स्टैंड के भीतर नहीं जा पाते मुख्य मार्ग में बसे खड़ी रहती है जिसके कारण ट्रैफिक बढ़ने लगा है।

## सुपेला थाना की घटना

# रोबोस्ट प्रोटेक्टिव फार्मिंग सॉलूशन्स संचालकों ने की अमानत में खयानत

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

जमीन के नाम लोन दिलाने का झांसा देकर अमानत में खयातन करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 420,406,120 बी के तहत जुर्म दर्ज किया है।

सुपेला पुलिस ने बताया कि एसबीआई कालोनी प्लाट 137 निवासी यज्ञदत्त शर्मा खेती किसानी एवं माइनिंग का काम करता है। वर्ष 2021 रोबस्ट प्रोटेक्टिव फार्मिंग सॉलूशन्स के संचालक रानी शर्मा ,सुंधाशु शर्मा, हिमाशु शर्मा एस.बी.आई. कालोनी जुनवानी स्थित मकान में पॉली हाऊस, नेट हाऊस में सब्जी की खेती करने पर 5 लाख रुपए प्रति एकड़ प्रति साल किराया की बातचीत हुई थी। जमीन




पर लोन दिलाने का झांसा देकर ऋण पुस्तिका और दस्तावेज को बैंक के बंधक रख कर 90 लाख रुपए लोन सेक्सन कराया था। पीड़ित और आरोपियों के फर्म के मध्य एक अनुबंध हुआ था। बैंक आफ इंडिया के टर्म लोनसे 63 लाख रुपए, बैंक आफ इंडिया से मार्जिंग मनी 15 लाख 40 हजार रुपए के कुल 78 लाख 40 हजार रुपए को रोबस्ट प्रोटेक्टिव फार्मिंग सॉलूशन्स के युको बैंक इंदिरा पैलेस सिविक सेन्टर के खाते में रुपए ट्रांसफर किया। रोबस्ट प्रोटेक्टिव फार्मिंग सॉलूशन्स के द्वारा पॉली हाऊस एवं नेट हाऊस का निर्माण नही कराया गया। परेशान होकर पीड़ित ने अपनी रकम आरोपियों से लौटाने की बात कहीं तो 20-20 लाख के दो चेक दिया लेकिन खाता में रकम होने के बाद भी चेक को स्टोप पेमेन्ट कर चेक अनादरित किया गया। पीड़ित के बिना जानकारी के 10 लाख रुपए आरटीजीएस किया गया है। बचा राशि 68 लाख 40 हजार को रोबस्ट प्रोटेक्टिव फार्मिंग सॉलूशन्स के संचलाक रानी शर्मा , सुधाशु शर्मा, हिमाशु शर्मा के द्वारा पाली, नेट हाउस लगाने के नाम पर धोखाधड़ी की गई।

### सरकारी कर्मचारियों के लिए बनेंगे नए आवास

दुर्ग। जिला प्रशासन के अधिकारियों और बीएसपी प्रबंधन की संयुक्त बैठक मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में सांसद विजय बघेल भी सम्मिलित हुए। नगर निगम रिसाली एवं भिलाई नगर और नगर पालिका परिषद अहिवारा में विकास कार्यों में प्रगति लाने अधिकारियों के बीच सकारात्मक चर्चाएं हुई। बीएसपी प्रबंधन ने निगम के विकास कार्या हेतु हर संभव आवश्यक पहल करने का भरोसा दिलाया। बैठक में एजेंडा अनुसार जिला न्यायालय दुर्ग न्यायालय भवन एवं अधिकारी/कर्मचारी आवास हेतु भूमि आवंटन। आई.आई.टी. भिलाई के स्टॉफ आवास हेतु भूमि आबंटन। वर्किंग वामेन्स हॉस्टल के लिए भूमि आवंटन करने के संबंध में।

# दुर्ग से राजधानी तक निकलेगी कांग्रेस की न्याय यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

राजीव भवन, दुर्ग में आज आगामी न्याय पदयात्रा को लेकर एक महत्वपूर्ण कांग्रेस बैठक आयोजित की गई। यह पदयात्रा 18 से 20 अप्रैल तक दुर्ग से रायपुर तक निकाली जाएगी और 21 अप्रैल को मुख्यमंत्री निवास घेराव किया जाएगा। बैठक में सभी विभागों और कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठों को उनकी ज़िम्मेदारियाँ सौंप दी गईं। बैठक में दुर्ग शहर एवं ग्रामीण कांग्रेस के सभी प्रमुख नेता, कार्यकर्ता एवं संगठन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पूर्व विधायक अरुण वोरा ने बैठक में भावनात्मक रूप से कहा कि ₹दुर्ग की बेटी को इंसाफ दिलाना केवल एक संघर्ष नहीं, बल्कि हमारी आत्मा की आवाज़ है। यह पदयात्रा सत्ता में बैठे लोगों को जगाने का प्रयास है, ताकि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।₹ उन्होंने सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से पदयात्रा में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में तय की गई इस पदयात्रा का उद्देश्य

- दुर्ग से रायपुर तक न्याय पदयात्रा की तैयारियां जोरों पर, कांग्रेस की बैठक राजीव भवन में हुई

प्रदेश में महिलाओं एवं बच्चियों के खिलाफ़ बढ़ते अपराधों के खिलाफ़ जनजागरण करना है। हर 5 घंटे में एक मासूम पर अत्याचार प्रदेश के वर्तमान हालात की भयावहता को दर्शाता है। बैठक में दुर्ग ग्रामीण जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर एवं दुर्ग शहरी जिलाध्यक्ष गया पटेल, पदयात्रा प्रभारी गुरुदयाल बंजारेश्री और सीमा वर्मा सहित कांग्रेस के सभी प्रमुख मोर्चों, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, पार्षदगण, पूर्व पार्षदगण, महिला कांग्रेस एवं ब्लॉक अध्यक्षगण— की सक्रिय उपस्थिति रही। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं में पूर्व महापौर आर. एन. वर्मा, पूर्व महापौर धीरेज बकलीवाल, जितेंद्र साहू, राजेंद्र साहू, दीपक दुबे, अल्ताफ अहमद, मुकेश चंद्राकर, परमजीत सिंह भुई, प्रेमलता साहू, राजकुमार पाली, संदीप वोरा, पप्पू श्रीवास्तव, आसिफ अली, राय सिंह ढिकोला, फतेह सिंह भाटिया, संजय कोहले, उषा ठाकुर, बृजमोहन तिवारी, सौरभ ताम्रकार, जामुना साहू, शकुंतला धिमार, पिंकी झा, श्रद्धा सोनी, विकास सपेकर, निकिता सिंह, रत्ना नरमदेव, आनंद कपूर ताम्रकार, मंदीप भाटिया, निकिता मिलिंद, बृजेंद्र भारद्वाज, अनुप पाटिल, राजकुमार साहू समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

# बिना लाइसेंस के व्यापार करने वालों पर गिरेगी गाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा कि संज्ञान में यह बात आई है कि, अधिकांश करदाताओं के मृत्यु होने, प्रॉपर्टी विकय एवं प्रॉपर्टी कय (प्लैट/स्वतंत्र मकान) की स्थिति में निगम नामांतरण की प्रक्रिया नहीं कराने की स्थिति में प्रॉपर्टी मालिक का नाम टैक्स रसीद में सही दर्ज नहीं हो पाता है।

ऐसी स्थिति में निगम की ओर से मृतक प्रॉपर्टी मालिक के नाम से भी नोटिस, डिमांड इत्यादि जारी होता है, जो उचित नहीं है। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने अधिकारीयो को निर्देश दिए कि निगम सीमा क्षेत्र सभी दुकानदारों को लाइसेंस बनाना एवं लायसेंस रिनिवल कारवना अनिवार्य है। टीम दुकानों में जाकर जांच करें। यदि लायसेंस बनाये बिना व्यापार करते पाए जाते है तो टीम अमला द्वारा अधिकारियों के मौजूदगी में दुकान सील बन्द की कार्यवाही करें।बिना लाइसेंस के व्यापार करने वालो पर गिरेगी गाज,जांच में निकलेगी निगम,बिना लाइसेंस के व्यापार,दुकान सील करने की कार्यवाही करेंगी,अभियान शुरू। आयुक्त ने क्षेत्र में समस्त करदाताओं को अपील करते हुए कहा कि, 30 अप्रैल 2025 के पहले अपने प्रापर्टी का सही नामांतरण कर नगर निगम के टैक्स रसीद पर उचित नाम दर्ज कराना सुनिश्चित करें। ताकि किसी भी करदाता को डिमांड एवं नोटिस गलत नाम या मृतक के नाम से जारी न हो सके। बता दे कि दुकानदार के लिए लाइसेंस बनाना और उसका नवीनीकरण करवाना अनिवार्य है।

यदि वे बिना लाइसेंस के व्यापार करते हैं, तो निगम द्वारा दुकान को सील करने की कार्यवाही की जा सकती है। दुकानदार को अपनी दुकान या व्यवसाय के प्रकार के अनुसार संबंधित लाइसेंस प्राप्त करना होता है। यह लाइसेंस स्थानीय नगर निगम या अन्य संबंधित प्राधिकारी द्वारा जारी किया जाता है।

## सेवाभावी कार्यों के पूरे किए 3 हजार दिन, सेवा दिवस को यादगार बनाने पहल

# 19 को मानव सेवा के साथ पशु-पक्षियों के लिए रखेंगे सकोरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

जन समर्पण सेवा संस्था दुर्ग ने जरुरतमंदो को निःशुल्क भोजन सेवा के अलावा अन्य सेवाभावी कार्यों के 3 हजार दिन याने 8 वर्ष 3 माह का लंबा समय पूर्ण कर लिया है। इन सेवा कार्यों की खास बात रही कि यह सेवा कार्य 3 हजार दिनों में एक दिन भी कभी थमा नहीं। सेवा कार्यों में बराबर निरंतरता

- 40 युवा सदस्यों का यह सेवाभावी कार्य छग में अपने तरह का अनोखा बनाया रिकार्ड

रही। संस्था के कुल 40 युवा सदस्यों का यह सेवाभावी कार्य छत्तीसगढ़ में अपने तरह का अनोखा रिकॉर्ड है। जो मानव सेवा की बड़ी मिशाल है। सेवा के इन 3 हजार दिनों को यादगार बनाने जन समर्पण सेवा संस्था द्वारा 19 अप्रैल को मानव सेवा के साथ-साथ पशु-पक्षियों की सेवा करने का भी निर्णय लिया गया है। इस सेवाभावी कार्य के लिए पुराना बस स्टैण्ड में दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक भव्य कार्यक्रम का आयोजन



किया गया है। जिसमें भीषण गर्मी में पशु-पक्षियों की चिंता करते हुए संस्था द्वारा उनके दाना-पानी के लिए शहर के पूरे 60वार्डों में प्रति वार्ड 8 नग कोटना और करीब 70 नग सकोरे का वितरण किया जाएगा। इसके लिए 450 की संख्या में कोटना और 4 हजार की संख्या में सकोरे तैयार करवाए गए है। जन समर्पण सेवा संस्था द्वारा इस सेवाभावी कार्य में पार्षदों की भी भागीदारी सुनिश्चित की गई है। कार्यक्रम में विधायक, महापौर और अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। जिनके हाथों से पार्षदों को वार्डों के लिए कोटना व सकोरे प्रदान किए जाएंगे। जन समर्पण सेवा संस्था का मानना है कि भूखे को भोजन करवाना सबसे बड़ा मानव धर्म है। इस धर्म को इंगित करते हुए जन समर्पण सेवा संस्था द्वारा शुरू की गई भोजन सेवा एवं गौ सेवा आज पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणादायी बन गई है। कोई भूखा ना सोए इस अनुकरणीय पहल के साथ 1 जनवरी 2017 से आज तक बिन रुके बिना किसी दिन नागा के प्रतिदिन दुर्ग रेल्वे स्टेशन एवं शहर के विभिन्न स्थानों में करीब 150-200 जरूरतमंद गरीब, असहाय, दिव्यांगजनों को संस्था द्वारा भोजन निरंतर करवाया जा रहा है। इस कार्य में संस्था के युवा साथियों के साथ अन्य स्वयंसेवक, धार्मिक एवं सामाजिक संस्था भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। संस्था के इस नेकी कार्य में शहर एवं प्रदेश के दानदाता भी सहयोग देकर इस पुनीत कार्य का हिस्सा बन रहे है।

### संस्था का 3 हजार दिवस पूरा

इस संबंध में मंगलवार को मीडिया से चर्चा में जन समर्पण सेवा संस्था के प्रमुख योगेन्द्र शर्मा (बंटी) ने बताया कि संस्था के सेवा कार्य को शुरू किए 3000 दिवस पूर्ण हो गए है। जिसमें प्रतिदिन दुर्ग रेल्वे स्टेशन में एक साथ सभी गरीब, असहाय, विकलांगजनों को भोजन कराया जा रहा है। जिसमें प्रतिदिन भोजन के लिए आने वाले जरूरतमंद जब यहां पर भोजन कर जाते हैं तो दुआएं व आशीर्वाद दिए बिना नहीं रहते। ये दुआएं व आशीर्वाद यहां सेवा दे रहे लोगों में ऊर्जा का कार्य कर रहा है। इस सेवा कार्य में आमजन की भागीदारी निरंतर बढ़ती जा रही है। योजना शुरू करने के बाद से दानदाताओं का सहयोग निरंतर मिल रहा है।

### यह भी कार्य किए गए

इस सेवा के शुरू होने के बाद से रोजाना यहां लोग जरूरतमंद के बीच आकर उन्हें भोजन कराकर अपने खुशियों को दोगुना करते हैं। श्री शर्मा ने बताया कि 1 जनवरी 2017 से प्रारंभ की गई यह सेवा को तीन हजार दिन पूर्ण हो गए है। इस 3000 दिनों में संस्था द्वारा सभी के सहयोग से प्रतिदिन लगभग 150 से 200 गरीब, असहाय, एवं जरूरतमंदों को भोजन के साथ साथ साबुन, निरमा, तेल, दवाई. दूध, बिस्किट, कपड़ा एवं विकलांगों को ट्रायसिकल, बैशाखी, व्हीलचेयर, कम्मोट चेयर, ठंड से बचने के लिए कम्बल, कपडे, बर्तन एवं अन्य सामाग्री निशुल्क वितरण करते आ रही है। इन 3000 दिनों में संस्था द्वारा 96 बैसाखी, 53 ट्रायसिकल और लगभग 4800 से अधिक कम्बल वितरण किया जा चुका है। संस्था द्वारा शहर में पशु-पक्षियों के दाना-पानी के लिए घरों की छत में रखने के लिए लगभग 3 हजार से अधिक साकोरे एवं शहर के प्रमुख 300 स्थानों में कोटना रखा जाएगा। गौ माता को दुर्घटना से बचाव के लिए 1 हजार से ज्यादा रेडियम पट्टी संस्था द्वारा गौ माता के गले में पहनाई गई है। दीपावली पर्व में नए कपड़े, साड़ी, मिष्ठान, बच्चों को पटाखा, होली में रंग गुलाल एवं अन्य सभी पर्वों में उपयोग की जाने वाली जरूरत की सामग्री का वितरण कर खुशियां बांटी गई है।

# आगजनी की घटनाओं पर काबू पाने की जानकारी सभी कर्मचारियों को होनी चाहिए: बीपी मुकुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नंदिनी अहिवारा

## वीर शहीदों को नमन कर सलामी दी और कर्मचारियों ने अग्नि सुरक्षा की शपथ ली



अग्निशमन कर्मियों की शहादत को याद रखना देश में अग्निशमन सेवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस कड़ी में जेके लक्ष्मी सीमेंट दुर्ग में जन जागरण के उद्देश्य से अग्नि सप्ताह कार्यक्रम चलाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में वीर शहीदों को नमन कर उन्हें सलामी दी गई एवं उपस्थित कर्मचारियों ने अग्नि सुरक्षा की शपथ ली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नागेंद्र कुमार सिंह कमांडेंट एसडीआरएफ दुर्ग ने उपस्थित होकर 14 अप्रैल 1944 में मुंबई में घटित घटना का याद करते हुए 66 शाहिद अग्निशमन कर्मचारियों को श्रद्धांजलि देते हुए अग्निशमन सेवा दिवस की विशेषता बताई। दुर्ग जेके लक्ष्मी सीमेंट के प्रमुख सीनियर बीपी मुकुल श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा कि सुरक्षा एवं सावधानी का प्रयोग करते रहना अति आवश्यक है जागरूकता से ही दुर्घटना पर काबू पाया जा सकता है इसलिए अग्नि से होने वाले घटनाओं को काबू पाने की जानकारी सभी कर्मचारियों को होनी चाहिए। मानव संसाधन विभाग के प्रमुख कप्तान शिरीष शुक्ला ने जानकारी देते हुए कहा कि फायर सेफ्टी की ट्रेनिंग लगातार प्लांट में सभी कर्मचारियों को दी जा रही है। जेके लक्ष्मी सीमेंट द्वारा अपने कर्तव्यों का निर्वाह करते हुए आवश्यकता पड़ने पर आसपास के क्षेत्र में एवं शासन प्रशासन के निर्देश पर जहां भी अग्नि से संबंधित घटनाएं होती हैं जेके लक्ष्मी सीमेंट की फायर टीम मुस्तादी से अपने कर्तव्यों का निर्माण करती है एवं सेवाएं देती है। कार्यक्रम में फायर सेफ्टी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में विजय प्रतिभागियों को नागेंद्र सिंह, मुकुल श्रीवास्तव एवं राजपाल सिंह शेखावत द्वारा पुरस्कृत किया गया। इसी क्रम में फायर सेफ्टी की टीम द्वारा नाट्य की प्रस्तुति दी गई एवं दुर्ग एसडीआरएफ और जेके लक्ष्मी अग्नि टीम द्वारा विभिन्न कर्तव्य प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में अतिथि राजपाल सिंह शेखावत, संजय सूद, कैप्टन शिरीष शुक्ला, सुजीत कुमार सिंह, रमेश विश्वकर्मा, राजेश शुक्ला, अमित जैन, मनीष तिवारी, राजेश कुमार, डॉ. विजय चौधरी, वीरेंद्र वर्मा आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### दीपक का जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ चयन

**सेलूद।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय अमेरी संकुल केंद्र घुघुवा, विकासखंड पाटन से कक्षा पांचवी के छात्र दीपक कुमार तुरकाने का जवाहर नवोदय विद्यालय बोरई में चयनित हुआ है। वे मनोज कुमार तुरकाने व प्रतिमा के पुत्र हैं।

### परसदा में हुआ सुंदरकाण्ड पाठ

**अंडा।** ग्राम परसदा में राजीव दीक्षित मंच छत्तीसगढ़ बालोद जिला इकाई के द्वारा मंच के संस्थापक अध्यक्ष आनन्दकुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में हनुमान जन्मोत्सव पर जिले के समीपस्थ ग्राम परसदा में स्थित माँ शीतला मंदिर प्रांगण में सुंदरकाण्ड का पाठ कराया।

## निधन

### चंद्रभागा साहू

**भिलाई।** संतरा बाड़ी दुर्ग निवासी चंद्रभागा बाई साहू 85 वर्ष का मंगलवार को निधन हो गया।



उनकी अंतिम यात्रा 16 अप्रैल को पोटिया कला वार्ड क्रमांक 53 स्थित निष्ठा निवास से हरना बांधा मुक्तिधाम के लिए सुबह 10 बजे निकलेगी। वे स्व.सियाराम साहू की पत्नी, पुष्पा साव, स्व. शैल साहू, नरेंद्र साहू, देवेंद्र साहू, पत्रकार महेंद्र साहू, सीमा साहू की मां और आदित्य, अदिति, अर्पित, अंकिता, नेहा और ऐश्वर्य साहू की दादी थीं।

### थुकेल राम साहू

**अंडा।** ग्राम परसदा निवासी थुकेल



राम साहू उम्र 70 वर्ष का आकस्मिक निधन 15 अप्रैल को सुबह हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम परसदा के मुक्तीधाम में किया गया।वे भूपेंद्र कुमार, शैलेन्द्र कुमार साहू के पिता थे।

### दीपक श्रीवास्तव



**दुर्ग।** पोलसाय पारा दुर्ग निवासी दीपक श्रीवास्तव पिता स्वर्गीय गोपाल श्रीवास्तव उम्र 43 वर्ष का निधन 12 अप्रैल को हो गया। वे एएसआई यशवंत श्रीवास्तव के साला थे।

### खोरबाहरा राम साहू



**भिलाई।** कसारीडीह दुर्ग निवासी खोरबाहरा राम साहू 56 वर्ष, का आकस्मिक निधन हो गया है। उनका अंतिम कार्यक्रम 16 अप्रैल को शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया जाएगा । वे मंजू के पति एवं दुष्यंत (सन्नी) के पिता थे ।

## केक काटकर मनाया डॉ. अम्बेडकर जयंती, निकली रैली

# बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलें, इसी में देश और समाज की भलाई: मीना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुम्हारी

### कार्यक्रम में बच्चों ने दी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी

भारतीय बौद्ध महासभा शाखा कुम्हारी के तत्वावधान में संविधान शिल्पी भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। यह आयोजन पंचशील बुद्ध विहार, शिवनगर कुम्हारी में सुबह 10 बजे संम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मीना वर्मा अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कुम्हारी ने पंचशील झंडा फहराकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विशेष अतिथि प्रमोद सिंह राजपूत उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद कुम्हारी ने तथागत गौतम बुद्ध और बाबा साहब अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। भारतीय बौद्ध महासभा शाखा कुम्हारी की अध्यक्ष उपासिका प्रेमलता डोंगरे के नेतृत्व में पंचशील ग्रहण एवं पूजा वंदना की गई। बाबा साहब के जन्मदिन पर केक काटकर वितरित किया गया। दोपहर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें बच्चों द्वारा गीत और नृत्य प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मीना वर्मा ने बाबा साहब अम्बेडकर के योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए आह्वान किया कि हम बाबा साहब के बताएं मार्ग पर चलें इसी में देश और समाज की भलाई है।

भारतीय बौद्ध महासभा कुम्हारी की ओर से शाखा अध्यक्ष प्रेमलता डोंगरे ने बाबा साहब रचित 'भारत का संविधान' ग्रंथ की



प्रति मीना वर्मा को भेंट दी तथा स्मृति चिह्न से सम्मानित किया। विशेष अतिथियों प्रमोद सिंह राजपूत व अश्वनी देशलहरे का भी बौद्ध महासभा की ओर से स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया।

द्वितीय सत्र के मुख्य अतिथि विनोद बंसोड़ पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष दि बुद्धिस्ट सोसाइटी आफ इंडिया छत्तीसगढ़ राज्य ने युवाओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि आप नौकरी के पीछे न भागे। आप व्यवसाय अपनाएं और नौकरी देने वाले बने। ऐसा करके ही हम बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं। विशेष अतिथि डॉ. बीएनएस कुशवाहा ने कहा कि पढ़े-लिखे पिछड़े वर्ग में सामाजिक चेतना का विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि ग्राम गोढ़ी में बुद्ध जयंती मनाई जाएगी, जिसमें सर्वसमाज सम्मिलित होगा।

महासभा की अध्यक्ष प्रेमलता डोंगरे ने बाबा साहब अम्बेडकर के बचपन का मार्मिक प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि सामाजिक कुरीतियों और भेदभाव को दूर करने में बाबा साहब का योगदान अतुलनीय है। संविधान निर्माण में उनकी सर्वोच्च भूमिका ने दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के जीवन में प्रकाश भर दिया।

कार्यक्रम को प्रमोद सिंह राजपूत, अश्वनी देशलहरे, सुरेश वाहने मीडिया प्रभारी, विक्रमशाह ठाकुर अध्यक्ष प्रेस क्लब कुम्हारी ने भी संबोधित किया। विशिष्ट योगदान के लिए महासभा द्वारा स्मृति चिह्न से विशिष्टजनों का सम्मान किया गया जिसमें विनोद बंसोड़, डॉ. बीएनएस कुशवाहा, विक्रमशाह ठाकुर, सूर्यवर्धन पाटील, विजय पाटील, मयाराम टेंभुर्णे, रजत बोरकर एवं रविन्द्र गजभिए शामिल हैं। शाम को पांच बजे बुद्ध विहार से उपासक उपासिकाओं और बाबा साहब के अनुयाइयों की रैली निकली, कार्यक्रम में बौद्ध उपासक-उपासिकाओं, अम्बेडकरवादियों सहित प्रबुद्धजन उपस्थित थे जिनमें साधना स्वर्णकार, अन्नु शिवनकर, तृप्ति चंद्राकर, वंदना पाटील, मनोज वर्मा, सुनिता साखरे आदि शामिल थे।

### कुम्हारी भाजपा मंडल ने मनाई अम्बेडकर जयंती



**कुम्हारी।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश और जिला संगठन के निर्देश अनुसार सोमवार को कर्मा भवन बाजार चौक वार्ड क्रमांक 7 में कुम्हारी मंडल के द्वारा संविधान के रचयिता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती एवं संगोष्ठी का कार्यकम बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा एवं कार्यक्रम के प्रभारी राकेश पाण्डेय उपस्थित थे। मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिन्हा ने स्वागत भाषण दिया एवं मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम प्रभारी राकेश पाण्डेय ने डॉ भीमराव अंबेडकर द्वारा रचित संविधान का भारतीय लोकतंत्र में उसकी महत्ता का विश्लेषण करते हुए अपनी बात रखी। इसके अलावा पूर्व मंडल अध्यक्ष राजू निषाद, तृप्ति चंद्राकर, पार्षद अश्वनी देशलहरे, हरिदास वैष्णव, मनोज वर्मा एवं अन्य वक्ताओं ने भी अपना उदबोधन प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में पार्षद उमाकांत साहू, उमेश्वरी साहू, हेमलता निषाद, माखन कोसरिया, दीपक चतुर्वेदी, सुमित द्विवेदी, इमरान रिजवी, गोविंद बघेल, गीता निर्मलकर, दिलेश्वर मारकंडे, ,जुली सिंह, फिंगेश्वर साहू, नारायण सोनकर आदि उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### भगवान को संकट से उबारने वाले हैं हनुमानः नंदकुमार



**उतई।** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर आदर्श ग्राम कोड़िया में सुबह से ही विशेष पूजन के साथ विविध आयोजन सम्पन्न हुआ। ग्राम के शीतला मंदिर, श्रीराम जानकी मंदिर, हनुमान मंदिर, पिंगलोवीर हनुमान मंदिर भाठापारा में दिनभर भक्तों की धूम रही। सभी मंदिरों में सुबह से ही विशेष पूजन, आरती व चालीसा के साथ फल, चना-गुड़ खीर-पूरी व खिचड़ी जैसे प्रसादों व भंडारे की व्यवस्था की गई थीं। श्रीराम जानकी चौक सांस्कृतिक भवन में श्री आनंद मानस परिवार कोनारी द्वारा रात्रिकालीन मानसगान की प्रस्तुति दी गई जिसमें व्याख्याकार नंदकुमार साहू ने हनुमान जन्म प्रसंग पर संगीतमय मानस व्याख्या की गई। नंदकुमार साहू ने हनुमंत जी के जीवन के अनेक प्रसंगों के माध्यम से संकटमोचन बनने की लीला का वर्णन किया। कहा हनुमान, भगवान श्रीराम के ऐसे भक्त हुए जो भगवान को संकट से उबारने का काम किया। उन्होंने श्रीराम के साथ सीता, लक्ष्मण, भरत, सुग्रीव के साथ कई ऋषि मुनियों के संकटमोचन बने। कार्यक्रम को सफल बनाने में सरपंच खुमान निषाद, उपसरपंच कुलेश्वर निर्मलकर, पूर्व उपसरपंच चंद्रकुमार चंद्राकर, पर्यावरण प्रेमी लतखोर निषाद, व्यवसायी सोमनाथ निर्मलकर, पीताम्बर भारद्वाज, महेंद्र निषाद, सौरभ चंद्राकर, आयोजन समिति के धर्मेंद्र साहू, लीलाधर साहू, आशीष चंद्राकर, टिकेश्वर निषाद, शौर्य संगठन सचिव आदित्य भारद्वाज, किरण साहू, देवेंद्र निषाद, रोशन साहू, गौरव साहू, शैलेश चंद्राकर, राजेन्द्र, भोज, नुमेन्द्र, नरेंद्र, नीरज, खिलेंद्र, राकेश, प्रेमचंद, पीयूष, तीरथ, चुम्मन, मंजीत, मोहित, गिरिवर आदि का योगदान रहा।

### कुपोषण उन्मूलन के लिए जागरूकता अभियान



**अंडा।** कुपोषण मुक्त भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा ग्राम अंडा के आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया गया। यह आयोजन प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी पोषण अभियान के अंतर्गत किया गया, जिसका उद्देश्य जन-सामान्य में पोषण के प्रति जागरुकता बढ़ाना और कुपोषण की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित करना है। इस पखवाड़े के तहत जिले व ब्लॉक व ग्रामीण स्तर पर संतुलित आहार, एनीमिया की रोकथाम, गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली माताओं के पोषण, शिशु एवं किशोरियों के स्वास्थ्य जैसे अहम विषयों पर समुदाय को जागरूक किया जा रहा है। पोषण पखवाड़ा अंतर्गत आंगनबाड़ी के कार्यकर्ताओं द्वारा गर्भवती माताओं, धात्री महिलाओं एवं बच्चों द्वारा गर्भवती माताओं को गर्भावस्था में पोषण स्वास्थ्य देखभाल एवं जन्म के प्रथम 06 माह में केवल स्तनपान कराने तथा कुपोषण से बचाव जैसी आवश्यक जानकारियों से अवगत करवाया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, क्षेत्रीय स्वास्थ्य अधिकारीएवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आगामी दिनों में पोषण रैली, जनसंवाद, पोषण आधारित खेल-कूद व जागरूकता शिविर जैसे आयोजनों के माध्यम से पूरे जिले में पखवाड़ा निर्धारित कार्यक्रम के तहत मनाया जा रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शकून साहू, दीपिका चौहान, तारिणी ढीमर व जुलेखा बेगम द्वारा जानकारी दी गई।

### कुपोषण मुक्त गांव बनाने दी गई जानकारी



**अंडा।** सेक्टर अंजोरा ख के ग्राम बीरेझर में पोषण पखवाड़ा मनाया गया जिसमें बीरेझर की कार्यकर्ताएं ओमकेश्वरी देशमुख, शशी चौहान, असम निषाद, सहायिका रमशिला, ग्राम पंचायत सरपंच इंद्रजीत साहू, पंच गायत्री देवांगन, मितानिन, गर्भवती महिला, शिशुवती माताएं, कुपोषित बच्चों के पालक भी शामिल हुए। कुपोषण, एनीमिया और जन्म के समय कम वजन को दूर करने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम मनाया गया। पोषण पखवाड़ा का उद्देश्य 0-6 वर्ष के बच्चों को सही पोषण दिलवाना है। इसके अंतर्गत पोषण संबंधी जानकारी दिया गया व अपने बच्चों को कुपोषित होने से कैसे बचाया जाए, बच्चों को सही देखभाल कैसे करे जिससे हमारा गांव कुपोषण मुक्त हो आदि बातों पर चर्चा की गई।

### जल संकट से निपटने ग्रामीणों को सौंपा पानी का टैंकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

- ग्राम माटरा, हरदी, गोता, पेंडरीतराई एवं सेमरिया को मिला टैंकर





'जल ही जीवन है' तथा जल संकट की समस्या को ध्यान में रखते हुए जीआर इंटिग्रेटेड स्टील प्रा. लि. मुड़पार की प्रेरणा से हरगोविंद राय गनपत राय चेरिटेबल ट्रस्ट, रायपुर द्वारा जनपद सदस्य क्षेत्र क्र 8 के अंतर्गत ग्राम माटरा, हरदी, गोता, पेंडरीतराई एवं सेमरिया को जल सेवा के लिए 1500 लीटर क्षमता का टैंकर निम्न शर्तों पर प्रदान किया जा रहा है। जिसमें पानी टैंकर जनपद क्षेत्र क्र 8 के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण क्षेत्रों में जल की आपूर्ति के लिये है। टैंकर का उपयोग केवल सामाजिक कार्य के लिए किया जायेगा और किसी भी प्रकार से व्यवसायिक या व्यक्तिगत उपयोग नहीं किया जायेगा।

टैंकर के रखरखाव एवं मेंटेनेंस का जिम्मा ग्राम पंचायतों को स्वयं के व्यय से करना होगा। निकट भविष्य में यदि जनपद क्षेत्र क्र 8 को पानी टैंकर की अनुपयोगिता होने की स्थिति में टैंकर हरगोविंद राय गनपत राय चेरिटेबल ट्रस्ट को वापस प्रदान किया जाये जिससे किसी अन्य लाभार्थी ग्राम को प्रदाय किया जा सके। हरगोविंद राय गनपत राय चेरिटेबल ट्रस्ट समस्त ग्रामवासियों को अपनी शुभकामनाएं दी है।

## बिजनेस साइट

### दवाओं के कारण बैठ गया था महिलाओं का दिल, हाइटेक में बची जान



**भिलाई।** दवाइयों के साइड इफेक्ट पर अगर ध्यान नहीं दिया गया तो ये मृत्यु का कारण भी बन सकते हैं। ऐसी ही दो महिलाओं का इलाज पिछले एक सप्ताह के दौरान हाइटेक सुपरस्पेशालिटी हॉस्पिटल में किया गया। इनमें से एक को जहां पेस मेकर लगाने की सलाह के साथ रायपुर रिफर किया गया था वहीं दूसरी मरीज को पेस मेकर लगाना संभव नहीं था। केवल दवाइयों के फेरबदल से दोनों की जान बच गई। हाइटेक के इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. असलम खान ने बताया कि इनमें से एक महिला की उम्र 60 साल थी जबकि दूसरी महिला 81 वर्ष की थी। इन दोनों महिलाओं का इलाज पहले दूसरे अस्पतालों में चल रहा था जहां उन्हें पेसमेकर की आवश्यकता बताई गई थी पर जब उन्हें सेकण्ड ओपीनियन के लिए हाइटेक लाया गया तो कहानी कुछ और ही निकली। उन्होंने बताया कि 81 वर्षीय बुधनी परिवर्तित नाम को ब्लड कैंसर था जिसके कारण हर 15 दिन में उन्हें रक्त चढ़ाना पड़ता था। इसके साथ ही उनके हृदय के वाल्व में खराबी थी पर उम्र एवं सेहत को देखते हुए उनकी सर्जरी संभव नहीं थी। लगभग एक सप्ताह पहले उनकी धड़कनें इतनी कम हो गईं कि उन्हें रिकार्ड करना तक मुश्किल हो गया। ईसीजी में भी इक्का दुक्का बीट ही दिखाई दे रहे थे। डॉ. असलम खान ने बताया कि जांचने पर पाया गया कि उनके खून में पोटेशियम की मात्रा 8.8 हो चुकी थी। रक्त में पोटेशियम 6 से ज्यादा होने पर दिल की बीमारी का खतरा बढ़ जाता है और 8.5 के बीद हृदय गति रुक सकती है। दरअसल, उन्हें पोटेशियम बढ़ाने की दवाइयां दी जा रही थीं। तत्काल उन्हें अस्थायी पेसमेकर लगाकर पहले हृदय गति को संभाला गया। पोटेशियम बढ़ाने की दवा को बंद कर पोटेशियम कम करने की दवा दी गई। दो तीन दिन में ही महिला की हालत में सुधार आ गया और आज उसे डिस्चार्ज कर दिया गया। डॉ. असलम ने बताया कि इसी तरह बीते शनिवार को 60 वर्षीय माधुरी परिवर्तित नाम को सेकण्ड ओपीनियन के लिए हाइटेक लाया गया। उसका इलाज एक अन्य अस्पताल में चल रहा था। जब उसके हृदय की गति बेहद धीमी हो गई तो उन्हें पेसमेकर लगवाने के लिए रायपुर रिफर कर दिया गया। मरीज का एक परिचित उसकी पर्चियां लेकर हाइटेक आया। डॉ. असलम को पेसमेकर की जरूरत महसूस नहीं हुई पर उन्होंने मरीज को देखने के बाद ही ठोस निर्णय देने की बात कही। इसके बाद मरीज को हाइटेक लाया गया। दरअसल, महिला का अलग-अलग जगहों पर इलाज चल रहा था। महिला को कभी भी न तो चक्कर आया था न ही आंखों के आगे अंधेरा छाया था। जांच करने पर पता चला कि उसे बीटा ब्लॉकर मेडिसिन दी जा रही थी। इस दवा के कारण धड़कनें सामान्य से कम हो जाती हैं. तत्काल इस दवा को बंद कर धड़कनों को बढ़ाने की दवा प्रेस्क्राइब की गई। तीन दिन बाद आज महिला की स्थिति पूरी तरह सामान्य है। डॉ. असलम ने बताया कि जब दिल की धड़कनें बहुत कम हो जाती हैं तो सबसे पहले इसके औषधीय कारणों का पता लगाना चाहिए। इन दवाओं में फेरबदल कर स्थिति ठीक की जा सकती है। ऐसे मरीज जिन्हें पेसमेकर या अन्य प्रोसीजर की सलाह दी गई हो, उन्हें भी एक सेकण्ड ओपीनियन अवश्य लेनी चाहिए। ऐसे में मरीज को अनावश्यक खर्च और प्रोसीजर के जोखिम से बचाया जा सकता है।

**इन मरीजों में लगता है पेसमेकरः** पेसमेकर उन्हीं मरीजों को लगाना चाहिए जिन्हें सीएचबी की शिकायत हो। ऐसी स्थिति में मरीज की आँखों के सामने अँधेरा छा जाने या बेहोश हो जाने जैसे लक्षण हो सकते हैं। यह एक इमरजेंसी होती है।

### ज्योति कलश की हुई पूजा-अर्चना...



**ननकट्ठी।** बेमेतरा से आए महाराणा प्रताप, ज्योति कलश की आरती, पूजन एवं माल्यार्पण कर यात्रा में शामिल राजपूत भाइयों एवं बहनों का स्वागत दुर्ग उत्तर उपसमिति के ग्राम ननकट्ठी में राजपूत समाज द्वारा हर्षोल्लास के साथ किया गया।

### आज द्वितीय पाली में नहीं आएगा पानी

**उतई।** नगर पंचायत उतई अंतर्गत वार्ड 3 में स्थित जल परिसर में ओवर हैड टैंक एवं संपवेल ढाई लाख लीटर वाला पानी टंकी का सफाई कार्य 16 अप्रैल को सुबह 9 बजे से आधुनिक मशीन के द्वारा किया जाना है। जिसके कारण नगर पंचायत के वार्डों में दिए गए नल कनेक्शन में द्वितीय पाली में पानी नहीं आएगा। यह जानकारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेंद्र नायक ने दिया है।

### नाम परिवर्तन

मैं दीक्षा नरांजे (DIKSHA NARANJE) पति श्री स्वर्णीश कुमार नरांजे (SWARNISH KUMAR NARANJE) उम्र 37 वर्ष निवासी प्लॉट नं-22, वार्ड नं-9, कृष्णा ग्रैंड सिटी अपार्टमेंट के पास, पुरानी बस्ती कोहका, भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) की हूँ जो कि निम्नलिखित कथन प्रस्तुत करती हैः-

1. यह कि मैं उपरोक्त वर्णित पते पर निवास करती हूं।
2. यह कि विवाह के पहले मेरा नाम-दीक्षा रंगारे (DIKSHA RANGARE) पिता श्री सितुलाल रंगारे (SITULAL RANGARE) था।
3 यह कि विवाह के बाद मेरा नाम दीक्षा नरांजे (DIKSHA NARANJE) पति श्री स्वर्णीश कुमार नरांजे (SWARNISH KUMAR NARANJE) हो गया है।जो कि मेरे आधार कार्ड क्रमांक-6803 3925 9717 में अंकित है।
4. यह कि दीक्षा नरांजे (DIKSHA NARANJE) एवं दीक्षा रंगारे (DIKSHA RANGARE) दोनो मेरे स्वयं का नाम है तथा मैं एक ही महिला हूं जो कि सत्य है।
5. यह कि विवाह उपरान्त मेरा नाम से श्रीमती दीक्षा नरांजे पति श्री स्वर्णीश कुमार नरांजे के नाम से जानी व पहचानी जाती हूँ।

15 APR 2025 — शपथकर्ता

### आम सूचना

मैं अपने पक्षकार शिव कुमार सिन्हा आ.स्व. श्री रामप्रसाद सिन्हा उम्र लगभग 69 वर्ष निवासी चांदमारी डिपरा, संतोषी मंदिर रोड मिलपारा दुर्ग से प्राप्त अधिकारों व निर्देशानुसार निम्नलिखित आम सूचना प्रकाशित करता हूँः-

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे उपरोक्त पक्षकार के नाम पर ग्राम फुलगांव प. ह. नं 20 राजस्व निरीक्षक मण्डल दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) भूमि जिसका खसरा नंबर 201/13 रकबा 0.1810 हे. व्यपवर्तित भूमि शिव कुमार सिन्हा के नाम पर राजस्व रिकार्ड में दर्ज है जिस पर उसका पूर्ण स्वामित्व एवं आधिपत्य है।

विदित हो कि उक्त भूमि खसरा नंबर 201/13 रकबा 0.1810 हे. भूमि मेरे पक्षकार की पारिवारिक संपत्ति/भूमि है जिसमें शिव कुमार के साथ उसके तीन छोटे भाइयों का भी पूर्णतः समान हक हिस्सा व अंश स्थापित है।

यदि उपरोक्त पारिवारिक सम्पत्ति / भूमि को परिवार के किसी भी अन्य सदस्य से विक्रय/रहन/बंधक / गिरवी या अन्य किसी प्रकार से नामांतरित करने हेतु प्रस्ताव मौखिक या लिखित बातचीत या अनुबंध ना करे यदि कोई क्रेता साहूकार उपरोक्त भूमि को खरीदने, रहन रखने या बंधक रखने का कार्य करता है तो वह पूर्णतः शून्य एवं विधि विरूद्ध होगा।बंधक रखने वाले व्यक्ति तथा विक्रेता को आम सूचना प्रकाशन पश्चात आपराधिक षडयंत्र के अन्तर्गत मूल भूमि स्वामी एवं उसके परिवार के सदस्यों को आर्थिक मानसिक व शारीरिक क्षति पहुंचाने का कार्य समझा व माना जावेगा, जो भारतीय दण्ड संहिता (धारा 109, 120 बी. 383, 388 389, 420, 467, 468, 471/34 संशोधित भारतीय न्याय संहिता की धारा 49, 61 (2) 308 (1) 308 (7) 308 (6) 318 (4) 338, 336 (3), 340 (2), 62/3 (5)) के अन्तर्गत गंभीर आपराधिक कृत्य की श्रेणी में होगा तथा केता को आधिपत्य एवं स्वामित्व किसी प्रकार भी प्राप्त नही हो सकेगा।ऐसे कार्य के लिये क्रेता स्वयं ही पूर्ण जिम्मेदार व्यक्ति होगा तथा राजस्व रिकार्ड में उल्लेखित स्वामी एवं अन्य पारिवारिक अंशधारियों से अनुबंधकर्ता कोई अनुतोष प्राप्त करने का अधिकारी नहीं होगा।

आम जन सूचित हो।

दुर्ग,
दिनांकः 13/04/2025

राकेश दुबे (अधिवक्ता)
जिला न्यायालय दुर्ग (छ.ग.)
कार्यालय-29, जीवन प्लाजा, गंजपारा, दुर्ग
मो.नं.- 94252 45998

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा इलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
- चक्कर की जाँच
- एलर्जी

Dental & Cosmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतों की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
- (Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# भाजपा आज भी साहसिक निर्णय लेने में सक्षम, हमारे निर्णय जनता की आवाजः सरोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

भाजपा के स्थापना दिवस पर संगठन द्वारा विधानसभा स्तर पर सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को दुर्ग के जलाराम वाटिका में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। आयोजन में बीजेपी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. सरोज पांडेय, सांसद विजय बघेल, मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, विधायक ललित चंद्राकर, गजेंद्र यादव सहित अन्य प्रमुख रूप से शामिल हुए। सम्मेलन में सरोज पांडेय नेकहा कि आज आप सभी सदस्य सम्मेलन में उपस्थित हुए हैं। प्राथमिक सदस्य बनने के बाद हम सभी सक्रिय सदस्य बनते हैं, लेकिन निर्धारित संख्या में हम सभी ने प्राथमिक सदस्य बनाया है। इस बार जो लोकसभा के चुनाव हुए, उसमें अबकी बार 400 पार की बात कही गई, लेकिन गठबंधन की सरकार बनी। लेकिन देश में हमने देखा कि 99 सीट वाली पार्टी हमारा प्रधानमंत्री बनेगा, हम देश चलाएंगे, ऐसा कहने लगे। विपक्षी पार्टी कहती थी कि सरकार कोई बड़ा निर्णय नहीं ले सकेगी, लेकिन हमारी सरकार यानी भाजपा की सरकार ने साहसिक निर्णय लेना शुरू कर दिया। हमारे निर्णय जनता की आवाज है। सक्रिय सदस्य सम्मेलन में हमारी सरकार में जो निर्णय लिए जाते हैं, वह नीचे तक जा सकें। हम सभी सक्रिय सदस्यों का दायित्व बनता है।

## सक्रिय सदस्य सम्मेलन में शामिल हुए बीजेपी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज, सांसद विजय

### देर से पहुंचे नेता, लेकिन सम्मेलन में पूरे समय बनी रही सक्रियता

भाजपा के इस सम्मेलन का समय सुबह 11 बजे निर्धारित था, लेकिन प्रमुख नेता दोपहर करीब 1 बजे पहुंचे। इस बीच सभी कार्यकर्ताओं की सक्रियता बनी रही। नेताओं के आगमन के बाद स्वस्फूर्त स्वागत किया गया। मंच में पूरे समय सांसद विजय बघेल और सरोज पांडेय के बीच बातचीत भी होते रही। दोपहर करीब तीन बजे महिला एवं बाल विकास विभाग की मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े भी कार्यक्रम में पहुंची, हालांकि उस समय तक कार्यक्रम समाप्त हो चुका था। आयोजित कार्यक्रम में अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, तेलघानी विकास निगम आयोग अध्यक्ष जितेंद्र साहू, महापौर अलका बाघमार, प्रदेश कार्य समिति सदस्य उषा टावरी, पूर्व महापौर चंद्रिका चंद्राकर, संतोष सोनी, सावलाराम डहरे, पूर्व विधायक डॉ बालमुकुंद देवांगन सहित अन्य मौजूद थे।





### गजेंद्र ने भाजपा कार्यकर्ता के संघर्ष के दिनों को किया याद

विधायक गजेंद्र यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की शुरुआत 1980 से हुई। 45 वर्ष में यह पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। 1977 में दुर्ग के सांसद मोहन भैया थे। उस समय दुर्ग में अकाल पड़ा था। वे नगर में घूम-घूम कर रोटी कलेक्शन करते और साइकिल से जाकर साजा क्षेत्र में रोटी का वितरण करते थे। इस तरह हमारे दुर्ग में से कई कार्यकर्ता हैं, जिन्होंने संघर्ष की गाथा लिखी है। वह अविस्मरणी है। आज उनके संघर्ष को हम याद करें। उनके संघर्ष का परिणाम यह है कि हम आज एक विश्व की सबसे बड़ी पार्टी सबसे ज्यादा सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधि वाली पार्टी हैं।

### सक्रिय सदस्य सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ने का दिया मंत्र



सांसद विजय बघेल ने सक्रिय सदस्यों को राजनीति में आगे बढ़ने के लिए पार्टी के कठिन दिनों, कठिन क्षण को हमेशा याद रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। विधानसभा स्तर पर हर जगह सक्रिय सदस्य सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। पाटन और दुर्ग ग्रामीण में आयोजन हो चुका है। इसी कड़ी में दुर्ग विधानसभा स्तरीय सक्रिय सदस्य सम्मेलन आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि भारत देश आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश नई दिशा की ओर आगे बढ़ रहा है। बघेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने कई साहसिक निर्णय लिए हैं।

## खबर संक्षेप



### ब्लॉक कांग्रेस का रफीक और आनंद को कार्यकारी अध्यक्ष का प्रभार

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने भिलाई शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, सुपेला कोसा नगर के अध्यक्ष नंदकुमार कश्यप की अनुशंसा पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुपेला कोसा नगर में मो. रफीक खान एवं आनंद डोंगरे को कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। काफी हाउस में नंदकुमार कश्यप ने दोनों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। आयोजित बैठक में कश्यप ने कहा कि हम सभी कांग्रेस के सिपाही हैं। कांग्रेस की विचार धारा के अनुरूप कार्य करते आ रहे हैं। आगे भी हम संगठन की मजबूती के लिए काम करते रहेंगे। बैठक में के एमआईसी सदस्य लालचंद वर्मा, पूर्व एल्डरमैन नरसिंगनाथ, पूर्व पार्षद अजय शिवबारिकर, प्रवक्ता इस्माईल खान सहित अन्य मौजूद थे।

### बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**सेलूद।** पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से महुदा सेक्टर के झीठ हॉस्पिटल में 33 बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण। बच्चों को कुपोषण के चक्र से बाहर लाकर कुपोषण की दर में कमी लाने के लिए बाल संदर्भ शिविर का संचालन कराया जा रहा है।

## 7 लाख की आबादी पानी के लिए जूझ रही, वैकल्पिक व्यवस्था फेल

# भिलाई-रिसाली के गली-मोहल्लों में टैंकर का इंतजार, दो दिन से नहीं आया पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई और रिसाली में पिछले दो दिनों से पेयजल के लिए जूझते लोगों का नजारा देखा जा सकता है। नलों से एकबूद पानी नहीं आ रहा। भरी गर्मी में लोगों को पानी लेने के लिए टैंकर के इंतजार करना पड़ रहा है। गुंडी लेकर लाइन में खड़े घंटो इंतजार कर रहे। उसके बाद टैंकर आता है तो लोग एक-दो गुंडी पानी के लिए टूट पड़ रहे हैं। एक दूसरे से पानी लेने की जद्दोजहद के बाद बमुश्किल दो से तीन गुंडी पानी हाथ आ रहा है। पानी का स्टोरेज करने परिवार का हर सदस्य इन दिनों केवल पानी का इंतजाम करने में जुटा हुआ है। आम जनता की यह समस्या अब और कठिन हो गई है इसलिए कि जिस पाइन लाइन संधारण कार्य को दो दिन कर लेने का दावा किया गया था वह पूरा नहीं हो पाया है। हालांकि निगम ने फिर से दावा किया है कि संधारण कार्य पूरा कर लिया गया है। टेस्टिंग का कार्य चल रहा है। टेस्टिंग सफल हुआ तो बुधवार की शाम-रात तक कुछ क्षेत्रों में पानी सप्लाई शुरू की जाएगी।

### आज शाम रात कुछ क्षेत्रों में पानी देने की संभावना



### भिलाई की 7 और रिसाली की 1.30 लाख आबादी प्रभावित

भिलाई निगम क्षेत्र की आबादी 6.72 लाख है। इसी तरह रिसाली निगम की आबादी 1.30 लाख है। दोनों निगमों की करीब 8 लाख आबादी पेयजल संकट से जूझ रही है। गर्मी के दिनों में ही पेयजल की समस्या कई वार्डों में रहती है। इसी तरह की समस्या रिसाली निगम के कई वार्डों में पानी की समस्या है। रिसाली निगम के लोगों को भिलाई निगम के 66 एमएलडी फिल्टर प्लांट से पानी दिया जाता है। इसलिए कि रिसाली निगम के पास स्वयं का फिल्टर प्लांट अब तक नहीं बन पाया है। जिसकी वजह से जब भी भिलाई के फिल्टर प्लांट या पाइन लाइन में दिक्कतें आती है रिसाली निगम के लोग भी प्रभावित होते हैं।

### दोनों निगमों के नल सूखे

**भिलाई निगम-**

भिलाई निगम के अंतर्गत 53380 नलों में बूंद नही आ रहा है। यहां 47 हजार 370 लोगों के यहां नल कनेक्शन दिए गए हैं। इसी तरह इस निगम क्षेत्र में 6 हजार 10 सार्वजनिक स्थानों पर नल लगाए गए हैं। इस तरह 53 हजार 380 नलों में दो दिन से बूंदभर पानी आया है।

**रिसाली निगम -**

रिसाली निगम क्षेत्र में 16545 नल कनेक्शन दिए गए हैं। इन नलों के माध्यम से यहां के 40 वार्डों में पेयजल की आपूर्ति की जाती है। इनमें से 10 वार्ड ऐसे हैं जहां इस गर्मी में पेयजल की समस्या सबसे ज्यादा हैं। इसके अलावा 7 वार्ड और हैं जहां इस साल पानी की समस्या है। यानी कुल 71 वार्ड के लोगों को पेयजल समस्या का सामना करना पड़ता है।

### वैकल्पिक व्यवस्था फेल

पानी की समस्या पिछले दो दिनों से हैं और निगमों द्वारा लगाए गए 80 प्रतिशत हेंडपंप सूख चुके हैं। भिलाई निगम के 1486 और रिसाली निगम के 316 हेंडपंपों से केवल हवा निकल रही है पानी नहीं। भिलाई निगम क्षेत्र के रहवासी अनिता वर्मा, सुखवंतीन बाई, जयंत साहू, मुरली यादव व रिसाली निगम क्षेत्र के चेतन वर्मा, अनिता साहू, देवनारायण निषाद, पवन निषाद, आदि ने बताया कि हेंडपंपों से पानी नहीं निकल रहा है। टैंकर से पानी भेज रहे हैं लेकिन कुछ ही देर में पानी खाली हो जा रहा है। मुहल्ले के आधे लोगों को भी पानी नहीं मिल पाता। टैंकर का पर्याप्त इंतजाम नहीं किया गया है। जिसकी वजह से घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। हेंडपंपों का जलस्तर इतना नीचे गिर गया है कि जो चालू है वहां बाल्टी भर पानी लेने में 15 से 20 मिनट मशक्कत करनी पड़ रही है।

### आबादी व नल कनेक्शनों की संख्या

| | |
|---|---|
| रिसाली निगम की आबादी- | 1.30 लाख |
| नल कनेक्शन- | 16 हजार 545 |
| भिलाई निगम की आबादी- | 6 लाख 75 हजार |
| नल कनेक्शन- | 53 हजार 380 |

### आज शाम से पानी सप्लाई की उम्मीद

“ पाइप लाइन संधारण कार्य लगभग पूर्ण हो गया है। रात में टेस्टिंग करेंगे। टेस्टिंग सफल हो जाता है तो सुबह पानी टंकियों को भरने का काम प्रारंभ कर देंगे। बुधवार शाम को जिस क्षेत्र की पानी टंकी भर जाएगी वहां पेयजल देना शुरू हो जाएगा। गुरुवार को भी क्षेत्रों में पानी की स्थिति सामान्य हो जाएगी।

**राजीव कुमार पांडेय,** आयुक्त भिलाई निगम

## स्टंट बाइकर्सों के खिलाफ अभियान

# स्टंटबाजी करने वाले बाइकर्स का वीडियो वायरल, ट्रैफिक पुलिस ने कसा शिकंजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शहर की सड़कों पर स्टंटबाजी करने वाले बाइकर्सों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस अभियान चलाकर कार्रवाई कर रही है। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस के पास एक वीडियों पहुंचा, जिसमें युवक बाइक को स्टंटबाजी करते दिख रहा था। पुलिस ने युवक की खोजबीन करने के बाद उसके खिलाफ कार्रवाई कर दो हजार रुपए की चालानी कार्रवाई की है।

ट्रैफिक एएसपी ऋचा मिश्रा ने बताया कि सड़क पर ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाती है। सड़क पर कभी बाइकर्स स्टंट न दिखाए बल्कि नियमों का पालन कर वाहन चलाए। ट्रैफिक पुलिस के पास वीडियो को सेंट्रल एवेंन्यु मार्ग में लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर युवक हीरोपंती कर रहा था। कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक राजकुमार दुबे, आरक्षक घनश्याम दुबे, आरक्षक राहुल सोनी ने बाइक के नंबर को ट्रेस कर वाहन मालिक तक पहुंच गई। जिसे नेहरु नगर स्थित ट्रैफिक मुख्यालय लाया गया और मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस ने अपील किया है कि ऐसे वाहन चालक हीरोपंती, स्टंट करते पाए जाने पर कार्रवाई किया जाएगा।

### हेलमेट के बिना पहुंचा स्टंटबाजी करने वाला युवक

पुलिस ने स्टंट बाइकर्स के खिलाफ दो हजार रुपए की चालानी कार्रवाई की। साथ ही इस दौरान पुलिस के जवानों ने कहा कि आपका हेलमेट कहा है। बाइक आपकों तभी दी जाएगी। जब आप हेलमेट लगाकर आए। युवक थाने से वापस घर गया। उसके बाद हेलमेट अपने साथ लाया। तब जाकर पुलिस ने स्टंटबाजी करने वाले युवक को बाइक की चाबी सौंपी।

- चालक को खोजबीन कर लाया गया नेहरु नगर
- काटा गया 2 हजार का चालान

### पुलिस ने दी सुधरने की नसीहत

स्टंटबाजी करने वाले युवक को पुलिस ने आगे से ऐसा कृत्य न करने की नसीहत दी। साथ ही कहा कि आप लोगों की वजह से जाने कितने लोंगों की जान जाती है। युवक ने पुलिस के जवानों से माफी मांगकर कहा कि वह आगे से स्टंटबाजी से तौबा कर लेगा।

## अवैध शराब की बिक्री रोकने विधायक ने दिया एक हफ्ते का अल्टीमेटम



**भिलाई।** वैशाली नगर विधानसभा के सभी 37 वार्डों में विधायक रिकेश सेन का डोरटूडोर कैंपेन मंगलवार को शुरू हुआ। वे सुबह जुनवानी और खम्हरिया की गलियों में स्कूटी से पहुंचे। इस दौरान निगम के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। खम्हरिया वार्ड में सड़क, सफाई, पेयजलापूर्ति से संबंधित परेशानियों की जानकारी ली। साथ एक हफ्ते के भीतर शिकायतों के निराकरण के लिए अधिकारियों को अल्टीमेटम दिया। इसमें लोगों ने अवैध शराब बिक्री, सड़क के निर्माण, लाइट की समस्या से अवगत कराया। रिकेश सेन ने इस दौरान लोगों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया। दोपहिया चलाने के दौरान हेलमेट लगाने की अपील की। महिलाओं ने असामाजिक तत्वों द्वारा देर रात तक मोहल्ले के चौराहे और खाली मैदान में जमघट लगाकर नशाखोरी और शोरगुल करने की शिकायत की। इस पर विधायक ने स्मृतिनगर पुलिस को तत्काल ऐसी गतिविधियों पर रोक के निर्देश दिए। उन्होंने वार्ड में कई स्थान पर डोमशेड लगाने के लिए भी लोगों को आश्वस्त किया।

# मुंबई-हावड़ा रूट की 35 ट्रेनें रद्द, ट्रेनों में नो-रूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

अगर आप गर्मी की छुट्टी में ट्रेन से कहीं घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। अप्रैल महीने में हर ट्रेन के आरक्षित कोच में नो -रूम की स्थिति है। हालात यह हैं कि पूरे अप्रैल महीने की हर तारीख में वेटिंग 50 से अधिक है। स्लीपर से लेकर थर्ड एसी और सेकंड क्लास तक में यात्रियों कोबर्थ नहीं मिल पा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक रेलवे ने मुंबई-हावड़ा रूट की 35 ट्रेनें अलग समय पर रद्द कर दी है। उज्जैन, पुरी, दिल्ली और मुंबई को जाने वाली सभी ट्रेनें पूरे महीने हाउस फुल हैं। इन ट्रेनों में वेटिंग की स्थिती 50 के पार बनी हुई है। अप्रैल के किसी भी तारीख में इन ट्रेनों में सीट नहीं मिल रही है। यही स्थिति दूसरे रुट की ट्रेनों की भी है। जिसकी कारण से लोगों को अपना प्लान रद्द करना पड़ रहा है। इन ट्रेनों की जनरल बोगियों में भी पैर रखने तक की जगह नहीं मिल रही है। हर साल गर्मी के दिनों में यात्रियों की संख्या बढ़ती है। यात्रियों को वोटिंग के चलते अपना प्लान बदलना भी पड़ रहा है। इधर अतिरिक्त ट्रेनों की सुविधा की वजाय रेलवे ने 35 एक्सप्रेस ट्रेनों को भी रद्द कर दिया है। यह ट्रेनें 5 मई तक रद्द है।

- यात्रियों को हो रही है दिक्कत

### ट्रेनों में 50 से 80 तक वेटिंग

ट्रेनों में भारी भीड़ की स्थिती है। स्टेशन पर ट्रेनों के पहुंचते ही चढ़ने के लिए यात्रियों में मारामारी के हालात निर्मित हो जाते है। उज्जैन के लिए शहर के स्टेशन से चलने वाली बिलासपुर-भगत की कोठी ट्रेन में अप्रैल महीने वेटिंग की स्थिती 40 के पार बनी हुई है। यही स्थिती बिलासपुर बीकानेर एक्सप्रेस में वेटिंग 50 के पार है। यही स्थिती पुरी जोधपुर एक्सप्रेस में भी है। महीने भर तक नो रुम की स्थिती है। इसके अलावा दुर्ग से चलने वाली पुरी एक्सप्रेस में हर दिन वेटिंग की स्थिती 80 के पास है। साई नगर पुरी एक्सप्रेस में भी वेटिंग अप्रैल की हर तारीख में 30 के पार है। हमसफर एकसप्रेस में भी सीट उपलब्ध नहीं हैं। सभी ट्रेनों के एसी -2 और एसी -3 क्लास भी बुक हैं।

### दुर्ग से होकर गुजरने वाली ट्रेन

दुर्ग स्टेशन से होकर चलने वाली गोंडवाना एक्सप्रेस, छग एक्सप्रेस ,राजधानी एक्सप्रेस में भी नो रूम की स्थिती है। इन ट्रेनों में कन्फर्म टिकट नहीं मिल रहे हैं। एसी बोगियों में भी यही स्थिती बनी हुई है। सभी ट्रेनों में वेटिंग 40 के पार है। मुंबई रूट की अहम ट्रेन गीतांजलि एक्सप्रेस, पुणे-हटिया, आजाद हिंद एक्सप्रेस समेत अन्य ट्रेन को रद्द कर दिया गया है। ये ट्रेनें 11 अप्रैल से 5 मई तक रह है। जबकि इस स्टेशन से चल रही हवादा- मुंबई, समता एक्सप्रेस दुरंतो व दूसरी ट्रेनों में कन्फर्म सीट नहीं मिल रही है।

### वेटिंग लिस्ट को देख निर्णय लेते है

“ वेटिंग लिस्ट देख कर निर्णय लिया जाता है। ट्रेनों का लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। यात्रियों की संख्या को देख कोच बढ़ाए बडाए और घटाए जाते है। टाइम टू टाइम प्लान होता है।

**बिपूल यशसकर,** सीपीआरओ, बिलासपुर रेलवे

## तालाबों को भरा जा रहा पानी

# आयुक्त पांडेय ने नहर पानी का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

तांदुला जलाशय से नहर के लिए पानी छोड़ा गया है। जो बड़ी नहर से जुड़े हुए छोटे-छोटे नहर के माध्यम से निगम भिलाई क्षेत्र के छोटे बड़े लगभग 22 तालाब भरे जाते है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, जोन आयुक्त येशा लहरे एवं अन्य अधिकारियों के साथ नहर पानी एवं अन्य निर्माण कार्य का निरीक्षण करने गए। नहर पानी की निकासी कैसे हो रही है, तालाबों तक बराबर पानी पहुंच रहा है की नहीं, रास्ते में अगर कहीं पर लिकेज है, तो उसे भी दूर किया जा रहा है। तालाबों के भर जाने से उस क्षेत्र का जल स्तर बढ़ जाता है, बोर में पानी आ जाता है और निस्तारी के लिए सबको पानी मिलने लगता है।

हुड़को क्षेत्र से आने वाले नहर पानी से जोन-01 नेहरू नगर क्षेत्र का तालाब भरना शुरू हो गए है, जिसमें प्रमुख रूप से हुड़को तालाब, भेलवा तालाब नेहरू नगर, स्मृति नगर तालाब, जुनवानी तालाब, खम्हरिया तालाब, आमा तालाब, शीतला मंदिर तालाब आदि तालाबों तक पानी पहुंच गया है। नगर निगम भिलाई द्वारा पूर्व में ही नहर नाली का सफाई करवाया गया था। जिससे पानी समुचित रूप से पहुंच सके, धीरे-धीरे तालाब भरते जायेगें। खुर्सीपार क्षेत्र से बड़े नहर से पानी आना शुरू हो गया है, उधर के भी तालाब भरे जा रहे है।



### नहर में जा रहे बच्चे को हटाया

क्षेत्र के निवासियों से अपील है कि नहर में पानी अधिक प्रवाह से बह रहा है, कोई भी व्यक्ति नहर में नहाने मत जावे और अपने साथ-साथ बच्चों का भी ध्यान रखें। आज खुर्सीपार के बड़े नहर में 7 साल का बच्चा कागज का टूकड़ा फेकने के लिए नीचे जा रहा था। आयुक्त की नजर पड़ी उसे तुरन्त हटाया गया। ऐसे में थोड़ी सी लापरवाही से बड़ी दुर्घटना हो सकती है। सभी को सचेत रहने की आवश्यकता है। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा, उपअभियंता अर्पित बंजारे, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## पाठक सूचना

**हरिभूमि** के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

**9300663610, 7489348301**






04

गुलाबी मूड

## लाइव इवेंट

### अटल गोदवानी सिंधी समाज के अध्यक्ष चुने गए, भावनानी बने महासचिव



**दुर्ग।** सिंधी समाज की सर्वोच्च संस्था सिंधी जनरल पंचायत तथा अधिनस्थ संस्था सिंधु भवन संचालन समिति पूज्य शदाणी दरबार संचालन समिति का वर्ष 2025-2027 कार्यकाल के लिए पुनर्गठन किया गया। समाज के महेश गणेशानी ने बताया कि सिंधु भवन में सर्वप्रथम समाज के वरिष्ठजनों द्वारा भगवान झूलेलाल के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर विधिवत निवृतमान पदाधिकारीयों द्वारा लेखाजोखा के साथ द्विवार्षिक कार्यकाल का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। इसके बाद आगामी कार्यकाल 2025 - 27 हेतु समाज की सर्वोच्च संस्था पूज्य सिंधी जनरल पंचायत के अध्यक्ष पद पर अटल गोदवानी, महासचिव प्रो. धनराज भावनानी, कोषाध्यक्ष राम बख्तियार सर्वसम्मति से चुने गए। अधिनस्थ संस्थाओं सिंधु भवन संचालन समिति एवं पूज्य शदाणी दरबार संचालन समिति हेतु पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। इस अवसर पर बादल भावनानी, लक्ष्मण गणेशानी, किशन आहुजा, ईश्वर पंजाबी, विशाल राजपाल, शंकर गणेशानी, जितेंद्र बत्रा, राजू पाहुजा,आसन दास मोहनानी, महेश गणेशानी, निहाल रतनानी, जशनमल पंजवानी, खेमचंद मध्यानी, घनश्याम राजपाल, हशमत तेजवानी, मुरली सचदेव, नरसिंग कुकरेजा, हेमंत खत्री,नरेश तेजवानी, गोविंद आहुजा, गोपी जुमनानी, गुरमुख गोदवानी, लीलाराम मेंघवानी, कैलाश माखीजा, मनीष मेघनानी, अमन जुमनानी, राम रत्नानी सहित अन्य उपस्थित थे।

## सिटी इवेंट

### भिलाई पैंथर ने नित्या-11 को 12 रनों से हराया, कुंती रहीं प्लेयर ऑफ द मैच



**भिलाई।** महिला क्रिकेट क्लब सेक्टर-7 में महिलाओं के लिए टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका फाइनल मुकाबला नित्या-11 और भिलाई पैंथर के बीच खेला गया। मैच भिलाई पैंथर ने 12 रनों से जीत लिया। इससे पहले प्रथम सेमीफाइनल मैच भिलाई पैंथर एस एवं प्रतिभा -11 सेक्टर 5 के मध्य खेला गया। भिलाई पैंथर्स ने 8 विकेट से यह मैच जीता। प्लेयर ऑफ द मैच विजय लक्ष्मी रहीं। दूसरा सेमीफाइनल मैच नित्या -11 सेक्टर 7 एवं खुर्सीपार के मध्य खेला गया। नित्या-11 ने 58 रनों से यह मैच जीता। प्लेयर ऑफ द मैच रानू प्रधान रहीं। तीसरे स्थान के लिए प्रतिभा -11 सेक्टर 5 एवं खुर्सीपार के मध्य मैच खेला गया। प्रतिभा -11 सेक्टर 5 ने 37 रनों से मैच जीता। प्लेयर ऑफ द मैच सुधा रहीं। इस बीच एसआर हॉस्पिटल चिखली एवं बिलासपुर क्लब के मध्य एक प्रदर्शन मैच खेला गया। बिलासपुर क्लब की टीम ने 65 रन से यह मैच जीत लिया। प्लेयर ऑफ द मैच निशा रहीं। प्रतियोगिता का फाइनल मैच भिलाई पैंथर्स एवं नित्या- 11 सेक्टर 7 के मध्य खेला गया। भिलाई पैंथर्स ने 12 रन से यह मैच जीता। प्लेयर ऑफ द मैच कुंती सिंह रहीं। प्रतियोगिता के मैचों के अंपायर लकी साहू एवं साई किरण थे। स्कोरर विनोद देवघरे एवं संदीप कोरी कॉमेंटेटर थे। प्रतियोगिता की बेस्ट बैटर रानू प्रधान, बेस्ट बॉलर सपना, बेस्ट फील्डर रानू प्रधान एवं प्रतियोगिता की बेस्ट प्लेयर जी सुनीता रहीं। प्रतियोगिता में विशेष रूप से विधायक देवेंद्र यादव, पार्षद लक्ष्मीपति राजू, उमेश साहू, सपना रानू प्रधान सहित अन्य मौजूद थे।

## सिटी इवेंट

### बंगाली और हिंदी गानों की सजी महफिल, देर रात तक मनोरंजन



**भिलाई।** ओपन एयर थिएटर सिविक सेंटर में मंगलवार की रात बंगाली और हिंदी गानों की महफिल सजी। भिलाई बंगाली समाज द्वारा बांग्ला नववर्ष के स्वागत में यह आयोजन किया गया। इसमें कल्चरल नाइट्स का आयोजन किया गया। मुख्य कलाकार कोलकाता के प्लेबैक सिंगर ने प्रस्तुति दी। वे बांग्ला सारेगामापा फेम भी हैं। उनके गाए गानों ने देर रात तक कला प्रेमियों को जोड़े रखा। आयोजकों ने बताया कि पश्चिम बंगाल में उनके गाने काफी प्रसिद्ध हैं। इस वजह से भिलाई में भी उन्हें आमंत्रित किया गया। इसी प्रकार का आयोजन कालीबाड़ी सेक्टर-6 में भी किया गया। गायिकी में अंकित, डॉली और श्रद्धा ने रंग जमाया। दोनों ही जगहों पर कई अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर बंगाली समाज के महिला, पुरुष, बच्चे सहित अन्य बड़ी संख्या में मौजूद थे।

---

**खुर्सीपार सुभाष नगर से शुरु हुई यात्रा, नगर के प्रमुख मार्गो से होकर कृष्णा चौक पहुंची, जहां मनाया उत्सव**

# बंगाली समाज के नए साल के स्वागत का जश्न...पारंपरिक वाद्ययंत्रों की संगत में निकला नगर कीर्तन, नाच-गाने के बीच उड़ाए गुलाल

बांग्ला 1432 नववर्ष के अवसर पर छत्तीसगढ़ बंगाली मित्र समाज के सदस्यों ने नगर कीर्तन निकाला। सुबह 5 बजे से नगर कीर्तन नगर भ्रमण को निकला। पारंपरिक वाद्ययंत्र की संगत में नगर कीर्तन में शामिल समाज के लोगों ने हरे कृष्ण हरे राम की धुन गाते हुए गुलाल भी उड़ाए। एक दूसरे को गुलाल लगाकर नए साल की बधाई दी। समाज के लोगों ने करीब 15 किलोमीटर तक नगर की परिक्रमा की। नगर कीर्तन खुर्सीपार, सुभाष नगर, कृष्णा चौक से प्रारंभ होते हुए सुभाष नगर काली मंदिर से कैंप 2 विवेकानंद नगर, बंगाली मोहल्ला पहुंचा। जहां समाज के लोगों ने स्वागत किया।



**भिलाई।** नगर कीर्तन का कृष्णा चौक प्रांगण में समापन हुआ। नगर कीर्तन में बंगाली समुदाय के सैकड़ों लोग सहित समाज के प्रदेशाध्यक्ष सुमन शील उपस्थित थे। बांग्ला नववर्ष 1432 के प्रथम दिवस पर बंगाली समुदाय के लोगों ने परिक्रमा के दौरान रास्ते भर में स्थापित मंदिर व देवालयों मे पूजा अर्चना की। बंगाली समाज के लोगों के घर-घर जाकर बधाई दी। इस मौके पर लोगों ने भी नगर कीर्तन करने वाले लोगों का स्वागत पुष्प की माला पहनाकर किया। उनका मुंह मीठा कराया। इस अवसर पर आतिशबाजी भी की गई। नाचते गाते रंगों के साथ होली खेली गई। एक-दूसरे को गुलाल लगाकर नव वर्ष की बधाई दी गई। आयोजन में मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ बंगाली मित्र समाज के प्रदेशाध्यक्ष सुमन शील, मिथुन हालदार, परिमल शाहा, नरेश शील , दीपाल सरकार, सुजीत शील, सपन राय, मिलन राय, उत्तम विश्वास, तुलसी राय, सुजाता पान, ममता पान, सपना सरकार, सुनीता मांझी, पुतुल दत्ता, शिल्पी साहा, कानन मिस्त्री, अल्पना शील, प्रिया मजूमदार, जमुना मंडल, गौरी दत्ता, सुषमा शाहा, कल्पना मजूमदार आदि मौजूद थे।



### बंगाली समाज के मंदिरों और कालीबाड़ी में रही धूम

बांग्ला नववर्ष के स्वागत में बंगाली समाज के मंदिरों और कालाबाड़ी में खासी धूम रही। हर साल की तरह इस साल भी बांग्ला नववर्ष धूमधाम से मनाया गया। हाउसिंग बोर्ड, कला मंदिर, सेक्टर-6 कालीबाड़ी, आर्य नगर दुर्ग, आदित्य नगर सहित अन्य जगहों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस बांग्ला नववर्ष -1432 के आनन्दोत्सव में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम और पूजा-पाठ हुए। शाम के समय विशेष मंगल आरती की गई। बांग्ला सांस्कृतिक विरासत का प्रदर्शन किया गया।नृत्य, कविता, गायन पाठ का भी आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में गणेश वन्दना एवं नृत्य, बांग्ला लोक गायन पर नृत्य, बांग्ला देशभक्ति पर गायन एवं नृत्य, बांग्ला भाषा के महत्व पर गायन एवं नृत्य, विश्व शांति आधारित गायन एवं अनेकों समयापयोगी गायन, नृत्य, कविता पाठ आदि प्रस्तुति दी गई। आयोजकों ने बताय कि हर साल बांग्ला नववर्ष विश्व के सभी बांग्ला भाषियों द्वारा बड़े धूमधाम से मनाया जाता है।





---

# आंबेडकर जयंती पर गद्दी पूजा के साथ जय भीम की गूंज, उनके बताए मार्ग पर चलने लिया संकल्प

**भिलाई।** गुरु घासीदास सेवा समिति सेक्टर - 6 में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर सर्वप्रथम गुरु गद्दी पूजन का कार्यक्रम हुआ। इसके बाद जयभीम का जयघोष किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उच्च न्यायालय के अधिवक्ता टी. दास साहब, घासीदास सेवा समिति के अध्यक्ष बीएल कुर्रे, पूर्व अध्यक्ष आरडी देशलहरा, एसएल मिर्चे सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।

कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई। उपस्थिति संत समाज ने जय भीम के नारे के साथ उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजली अर्पित की। उनके विचारों एवं योगदान को याद किया। मुख्य वक्ता टी दास साहब ने बाबा साहेब के संघर्षपूर्ण जीवन शिक्षा के प्रति उनके समर्पण, सामाजिक न्याय, समानता और संविधान निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर भागवत बंजारे, एसएल भार्गव, उर्मिला भास्कर, एनआर गिलहरे, राजेन्द्र महिलांग मौजूद थे।





# प्रशिक्षु डीएसपी आकर्षि कश्यप ने कोच्चि बैडमिंटन में जीते 3 गोल्ड

**भिलाई।** ऑल इंडिया पुलिस बैडमिंटन क्लस्टर 2024-25 का आयोजन राजीव गांधी रीजनल इण्डोर स्टेडियम कोच्चि केरल में हुआ। इसमें देश के विभिन्न प्रदेशों एवं अर्द्ध सैनिक बलों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। छत्तीसगढ़ पुलिस की ओर से दुर्ग जिले में पदस्थ प्रशिक्षु डीएसपी आकर्षि कश्यप ने प्रतियोगिता में भाग लेकर विभिन्न संवर्ग में 3 गोल्ड मेडल जीत कर छत्तीसगढ़ पुलिस के साथ-साथ दुर्ग पुलिस का नाम रोशन किया है। राजपत्रित संवर्ग बैडमिण्टन एकल महिला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीता। इसी प्रकार राजपत्रित संवर्ग युगल महिला प्रतियोगिता में अपने साथी खिलाड़ी भावना गुप्ता के साथ अपने विरोधियों को 21-5, 21-8 से पराजित कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया। राजपत्रित संवर्ग मिश्रित युगल प्रतियोगिता में अपने साथी खिलाड़ी सूरज सिंह परिहार के साथ विरोधी पक्ष को 21-11, 21-8 से पराजित कर गोल्ड मेडल को अपने नाम से किया। इस उल्लेखनीय सफलता के लिए आईजी रामगोपाल गर्ग, एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने आकर्षि को बधाई दी है।




---

**भारतीय बौद्ध महासभा के तत्वावधान में आंबेडकर सांस्कृतिक भवन में दो दिवसीय आयोजन**

## कार्नर न्यूज

संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर भारतीय बौद्ध महासभा के तत्वावधान में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अंबेडकर सांस्कृतिक भवन सेक्टर-6 में हुआ। दो दिवसीय आयोजन के पहले दिन महिलाओं द्वारा रंगोली और ड्राइंग, पेंटिंग एवं निबंध प्रतियोगिता हुई। इसमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय का चयन किया गया। मंचीय कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत, सत्कार और उद्बोधन हुआ। बाबासाहेब और महापुरुषों के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया। सामूहिक वंदना पूज्य भंतेजी द्वारा कराई गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एचआर कुटारे, विशिष्ट अतिथि डीपी साहू, डॉ. उदय धाबर्डे, अजय गणवीर ने बाबासाहेब के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि उनका जीवन संघर्षमय रहा। ऐसी परिस्थितियों में वे अपने कार्य के प्रति समर्पित रहे। भारत का संविधान लिखकर सबको समानता, स्वतंत्रता, न्याय का हक और अधिकार दिलवाया। जीवन भर उन्होंने देश और समाज की सेवा की।

# रंगोली, ड्राइंग, पेंटिंग, निबंध प्रतियोगिता के विजेता हुए सम्मानित सामूहिक वंदना कर संविधान निर्माता डॉ. आंबेडकर को किया याद



### बाबा साहेब के बताए आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

कार्यक्रम में अध्यक्षता सविता मेश्राम ने की। आभार प्रदर्शन विनोद वासनिक ने किया। मंच संचालन रामराव ढोक ने किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता संभू सिंह सम्पादक नेशनल दस्तक ने ऑन लाइन मीडिया के माध्यम से कहा कि बाबासाहेब के बताये गये मार्ग चलना है। उनके आदर्शों का पालन करना है। रात में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इसमें मंजीत मेहरा, अंतर्राष्ट्रीय संगीत सम्राट रोहतक एवं उनके कलाकार साथियों ने रंगारंग भीम गीतों पर आधारित प्रस्तुति दी।

### सार्वजनिक रैली ने किया नगर भ्रमण, सेक्टर-1 में हुआ समापन समारोह

बाबासाहेब डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण और सामूहिक वंदना के बाद सार्वजनिक रैली निकाली गई। रैली की शुरुआत डॉ. अंबेडकर सांस्कृतिक भवन सेक्टर 6 से हुई। रैली मस्जिद रोड, सुपेला अंडरब्रिज, जीई रोड, घड़ी चौक होते हुए पावरहाउस चौक में बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर डॉ आंबेडकर पार्क सेक्टर 1 समाप्त हुई। शाम को महिलाओं और बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष कृष्णा बंसोडकर और आशीष चौहान ने किया। रात में सामूहिक वंदना हुई।

### प्रतिभावान हुए सम्मानित, विजेताओं को भी मिला पुरस्कार

आयोजित कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल, विधायक देवेंद्र यादव, डॉ. संजय बालवांद्रे, अजय गजघाटे उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि बाबासाहेब डॉ. आंबेडकर एक महापुरुष हुए। उन्होंने कहा कि बाबासाहेब ने समाज में फैली विसमानता, भेदभाव, जातिवाद दूर करने में अपना जीवन लगा दिया। सविता मेश्राम अध्यक्ष ने अपने संस्था में हुए कार्यो के विषय में सविस्तर जानकारी दी। इस अवसर पर प्रतिभावान छात्र, छात्राओं को उनके शैक्षणिक योग्यताओं के आधार पर सम्मानित किया गया। आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेता भी पुरस्कृत किए गए। कार्यक्रम में कृष्णा बंसोडकर, देवानन्द मेश्राम, सचिव धरमपाल गजभिये, अशोक श्यामकुंवर, कोषाध्यक्ष भागवत बागडे, उप कोषाध्यक्ष अशोक नंदेश्वर, लेखापाल प्रदीप सोमकुवर, सह सचिव किर्ति लांजेवार, अजय अडकने, प्रचार प्रभारी ठानेन्द्र कामडे, कार्यकारिणी सदस्य बसंत नंदेश्वर आदि मौजूद थे।

सिटी इवेंट

## महात्मा फुले की तरह शुरुआत अपने घर से करें: डॉ. उदय



■ क्रांतिसूर्य ज्योतिबा फुले जयंती मनाई गई, याद किए गए उनके सामाजिक कार्य

**भिलाई।** बुद्ध भूमि परिसर कोसा नगर में क्रांतिसूर्य महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई गई। इस अवसर मोमबत्ती व अगरबत्ती प्रज्वलित कर ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया साथ ही परिसर में स्थित अन्य महामानवों की प्रतिमाओं पर भी माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नेकराम रामटेके ने ज्योतिबा फुले के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला। भिमाई महिला मंडल की अध्यक्ष दानशीला रामटेके ने ज्योतिबा फुले द्वारा महिलाओं की शिक्षा और उनके कल्याण के लिए किए गए कार्यों को याद किया। बौद्ध कल्याण समिति के अध्यक्ष नरेंद्र शेन्डे ने कहा कि ज्योतिबा फुले ने विधवा विवाह और विधवा मुंडन का विरोध कर नारी शिक्षा और समानता को बढ़ावा दिया। डॉक्टर उदय धाबर्डे ने संबोधन में कहा कि ज्योतिबा फुले के जीवन से हमें यह प्रेरणा लेनी चाहिए कि किसी भी अच्छी पहल की शुरुआत अपने घर से करें और घर परिवार को उसमें शामिल करें। जैसे ज्योतिबा फुले ने नारी शिक्षा की शुरुआत अपनी पत्नी सावित्री बाई फुले से की जिसे प्रथम महिला शिक्षिका के रूप में विश्व में याद किया जाता है। धन्यवाद ज्ञापन रंजू खोबरागड़े ने किया। इस अवसर पर कोमल चंद्रिका पुरे, मंजूषा मेश्राम ,रानू कोल्हटकर, विनीत भालेकर, नीलम कोलहटकर, शिल्पा बंसोड़, लक्ष्मी मेश्राम, अमित गुरडे, माया सुखदेवे, अलका शेन्डे,कमल मेश्राम, शैलेंद्र मेश्राम, जयंत खोबरागड़े ,कुलदीप बामबोलकर, गणवीर, चिंचखेडे, वर्तिका वासेकर तथा विनोद शीतल वासेकर सहित अनेक गणमान्य लोग और बच्चे उपस्थित थे।

● जिला स्तरीय निषाद केवट समाज वार्षिक महासम्मेलन में शामिल हुए ग्रामीण विधायक ललित

# केवट समाज सभी क्षेत्रों में कर रहा तेजी से तरक्की, बच्चों और महिलाओं ने दी रंगारंग प्रस्तुति, प्रतिभावान हुए सम्मानित

भिलाई। केवट समाज के निषाद राज गुहा मर्यादा पुरुषोत्तम राम के भक्त और संत थे। उन्होंने अपने जीवन को भगवान की भक्ति और सेवा में समर्पित किया था। किसी भी समाज के विकास में शिक्षा बहुत ज़रूरी है, शिक्षित समाज में लोग सामाजिक एकता के महत्व को समझते हैं। वर्तमान में केवट समाज सभी क्षेत्र में तरक्की करते हुए आगे बढ़ रहा है। इसके साथ ही नशे से समाज को दूर रखने अपने बच्चों पर अवश्य नजर रखें। केंवट समाज के वार्षिक महासम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बातें दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कही। महासम्मेलन के आयोजन में मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के प्रदेश अध्यक्ष व गुंडरदेही विधानसभा के विधायक कुंवर सिंह निषाद ने की। विशेष अतिथि के रूप में दुर्ग भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बाबा मातृण्ड सिंह मांझी, एम आर निषाद प्रमुख रुप से उपस्थित रहे। केवट निषाद समाज द्वारा दुर्ग जिला स्तरीय निषाद केंवट समाज के वार्षिक महासम्मेलन का आयोजन साजा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मड़ियापार में किया गया। कार्यक्रम के दौरान समाज के बच्चों व महिलाओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गए। इस दौरान समाज के प्रतिभावन बच्चों को अतिथियों द्वारा सम्मानित भी किया गया।

**किसी भी समाज के विकास में शिक्षा बहुत ज़रूरी**



### सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी प्रस्तुति

कार्यक्रम की शुरुआत सभी अतिथियों द्वारा भगवान श्रीराम एवं भक्त शिरोमणी गुहा निषादराज की विधिवत पूजा-अर्चना कर की गई। सभी ने भगवान का आशीर्वाद प्राप्त प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर समाज के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। समाज के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की अनुपम प्रस्तुति दी गई।

### सामाजिक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक उत्थान का दिया संदेश



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि यह आयोजन समाज के सामाजिक, सांस्कृतिक और शैक्षिक उत्थान का संदेश दिया है जिससे सामाजिक कार्यों को जानने का अवसर मिला। उन्होंने समाज के लोगों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि शिक्षित समाज में लोग सामाजिक एकता के महत्व को समझते हैं। किसी भी समाज के विकास में शिक्षा बहुत ज़रूरी है और वे अपने समाज में एकता और सद्भावना को बढ़ावा देने, नैतिकता और मूल्यों के महत्व को भी समझते हैं। वे अपने जीवन में इन मूल्यों का पालन करने के लिए काम करते हैं। निषाद समाज आज हर वर्ग में तरक्की कर रहा है। समाज को शिक्षा से जोड़ना बेहद आवश्यक है, इसके साथ ही नशे से हमारे समाज को दूर रखना है इसके लिए जरूरी है कि हम अपने बच्चों पर निगरानी रखें। श्री चंद्राकर ने आगे कहा कि समाज की जो मांगे है उसको पूरा किया जाएगा, साथ ही उन्होंने कहा की समाज में इस तरह के आयोजन होने से समाज को एक नई दिशा मिलती है इससे समाज के लोगों को समाज की अवधारणा से जुड़ने का अवसर प्राप्त होता है।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम के दौरान प्रदीप निषाद, डॉ घनश्याम निषाद, कोमल देव निषाद, मनोहर लाल निषाद, अशोक निषाद, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन शर्मा, बुधारुराम केंवट, सालिकराम निषाद, खेलावन निषाद, संतोष जलतारे, महिला प्रकोष्ठ, संतोषी निषाद, धन्वंति निषाद, चित्ररेखा निषाद, सत्यभामा निषाद, ललिता निषाद, केशर निषाद, मथुरा निषाद, गीता निषाद, तिलेश्वर निषाद, चिंताराम निषाद, विष्णुराम निषाद सहित समाज के सभी सदस्य व वरिष्ठजन उपस्थित रहे।



समाजसेवा

## गर्मी के मौसम में राहगीरों की प्यास बुझाने खोला प्याऊ घर




■ ब्राम्हण समाज व रुद्र सेना का आयोजन

**भिलाई।** आज ब्रह्मभट्ट ब्राह्मण समाज और रूद्र सेना के संयुक्त तत्वावधान में सांई जल सेवा समिति द्वारा साई मंदिर रोड सेक्टर-6, भिलाई स्थित शर्मा आरटीओ इंश्योरेंस व पासपोर्ट अभिकर्ता कार्यालय के पास लगभग 20 वर्षों से संचालित प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया। समिति ने बताया कि सेक्टर एरिया का व्यस्ततम मार्ग होने के चलते यहां दिन भर लोगो की आवाजाही चलती रहती है। जिससे राहगीरों की प्यास बुझाने हर साल प्याऊ घर खोला जाता है। कार्यक्रम में लालमन यादव पूर्व बाक्सर, दद्दू तिवारी गुरु प्रसाद तिवारी, अरूण बेरी, प्रशांत कुमार क्षीरसागर, उदय डवले संयोजक, रूद्र सेना गुरुप्रसाद तिवारी, अखिलेश वर्मा, विके पटेल, ज्ञानेन्द्र पांडे, सहारान पटेल, धनलक्ष्मी, रविंद्र सिंग, मुन्ना उपाध्याय, योगेश गुप्ता, बृजमोहन सिंह, राजेश शर्मा, महेंद्र यादव, अनिल शुक्ला, अशोक द्विवेदी, अरविंद तिवारी, अमीन उल्ला, रमेश, रूपेन्द्र साहू, एम प्रसाद राव, किशोर प्रभाकर, शरद भजने, पुनीत, राजेन्द्र शर्मा, राजेन्द्र दुबे, देवव्रत चक्रवर्ती, अरूण जैन, शैलेष वानखेड़े, धुव्र सिंह राजपूत, संजय शर्मा, शरद दुबे, अरूण पंडा, अशोक पंडा, शारदा गुप्ता सहित अनेक समाजसेवी उपस्थित थे।

प्रतिदिन करें व्यायाम

## ‘शोध में हालिया मुद्दे’ पर 10 दिवसीय ऑनलाइन सर्टिफिकेट प्रोग्राम का आयोजन, दिया प्रशिक्षण



**भिलाई।** सेंट थॉमस महाविद्यालय रुआबांधा भिलाई में वाणिज्य विभाग के कॉमजेनिथ और अनुसंधान गतिविधियों को बढ़ावा देने वाली समिति (कोपरा) के तत्वावधान में वाणिज्य स्नातकोत्तर विभाग ने 5 अप्रैल से 15 अप्रैल तक \₹शोध में हालिया मुद्दे\₹ विषय पर 10 दिवसीय ऑनलाइन सर्टिफिकेट प्रोग्राम का आयोजन किया। 5 अप्रैल को कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में कल्याण पीजी कॉलेज की सह प्रो डॉ शबाना मुख्य वक्ता थीं। उन्होंने वर्तमान परिदृश्य में शोध की भूमिका में बदलाव पर जोर दिया। प्रभारी प्राचार्य डॉ जेम्स मैथ्यू विशेष अतिथि थे। सेंट थॉमस कॉलेज की वाणिज्य विभागाध्यक्ष और कार्यक्रम की समन्वयक डॉ सपना शर्मा ने अपने स्वागत भाषण में 10 दिनों की गतिविधियों का अवलोकन किया। दूसरे और तीसरे दिन के सत्र का संचालन सेंट थॉमस कॉलेज के बायोटेक्नोलॉजी विभाग की सहा प्रो, डॉ. उज्ज्वला सुपे ने साहित्य की समीक्षा और अच्छे शोध कार्य के लिए साहित्य समीक्षा के लाभों को विस्तार से बताया। चौथे दिन मनोविज्ञान विभाग की सहा प्रो डॉ. अंकिता देशमुख ने शोध के विश्लेषणात्मक भाग को कवर किया। पांचवें दिन पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के एसओएस इन फिजिकल एजुकेशन के प्रो डॉ राजीव चौधरी ने कच्चे डेटा को परिवर्तित करने और गणना की जानकारी दी। डॉ अंकिता ने पैरामीट्रिक और नॉन पैरामीट्रिक परीक्षणों के बारे में बताया। डॉ कीर्ति श्रीवास ने प्रारूपण, निष्कर्ष और सिफारिशों पर ध्यान केंद्रित किया। सेंट थॉमस कॉलेज के शिक्षा विभाग की सहा प्रो डॉ सोनिया पोपली ने आधुनिक शोध में नैतिक मुद्दों पर बात की। नौवें और दसवें दिन डॉ सोनिया पोपली ने एसपीएसएस की सैद्धांतिक पृष्ठभूमि ली और एसपीएसएस पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। मंगलवार को दस दिवसीय वेबीनार के समापन सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. राजेश पांडे अतिरिक्त निदेशक उच्च शिक्षा छग शासन थे। उन्होंने कहा कि अनुसंधान केवल अकादमिक क्षेत्र से ही संबंधित नहीं है, बल्कि उद्योग और प्रबंधन के क्षेत्र में भी अनुसंधान की महत्वपूर्ण भूमिका है, उन्होंने अनुसंधान की मात्रा की बजाय गुणवत्ता पर ध्यान दिए जाने पर ज़ोर दिया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एमजी रॉयमन ने इस सहयोगात्मक कार्यक्रम के लिए वाणिज्य विभाग द्वारा की गई पहल की सराहना की। कार्यक्रम में पीजी, शोध के विद्यार्थी और अन्य विभागों के संकाय शामिल हुए।

विश्व स्वास्थ्य दिवस पर वेबीनार

## दीर्घ कालिक रोगों से बचाव और दिनचर्या में पोषण की भूमिका पर हुई चर्चा



**भिलाई।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर भारती विश्वविद्यालय दुर्ग में वेबीनर का आयोजन किया गया। इस वेबीनर में दीर्घ कालिक रोगों से बचाव एवं प्रबंधन में पोषण की भूमिका विषय पर मुख्यवक्ता के रूप में गृह विज्ञान की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. रेनुबाला शर्मा, डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय, मध्यप्रदेश ने पोषण आहार के माध्यम से विभिन्न प्रकार के जटिल रोगों के रोकथाम और उनके बेहतर प्रबंधन पर अपने विचार व निर्देश साझा किए। डॉ रेनुबाला ने बताया कि पोषण युक्त आहार मोटापा, उच्च रक्तचाप और उच्च कोलेस्ट्रॉल जैसे जोखिम कारकों को कम करता है। संतुलित आहार प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करता है, रक्त शर्करा को नियंत्रित करता है, हृदय और पाचन स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है और मोटापे को नियंत्रित करने में मदद करता है। यह आवश्यक पोषक तत्वों की कमी को रोकता है, मानसिक स्वास्थ्य को सहारा देता है और जीवन की गुणवत्ता को सुधारता है। दीर्घकालिक स्वास्थ्य और बीमारियों के प्रभावी प्रबंधन के लिए पोषण युक्त आहार अत्यंत आवश्यक है। वेबीनार के संयोजन में खाद्य एवं पोषण विभाग की विभागाध्यक्ष सपना पांडे और पूजा चौरसिया का विशेष सहयोग रहा। विश्वविद्यालय द्वारा वेबीनार श्रृंखला का आयोजन कुलपति प्रोफेसर डॉ. बी एन तिवारी एवं प्रोफेसर डॉ. आर एन सिंह के मार्गदर्शन में लगातार आयोजित किया जा रहा है। वेबीनार में बड़ी संख्या में विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थी एवं प्राध्यापक सम्मिलित हुए।




धर्म इवेंट

## शक्ति, भक्ति और सेवा की त्रिवेणी है हनुमान का जीवन



**भिलाई।** आर्य समाज मंदिर आर्य नगर, दुर्ग में गोष्ठी का आयोजन राम भक्त हनुमान के चरित्र पर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ किया गया। आर्य समाज के मंत्री मनोज आर्य ने कहा कि वीर हनुमान को बंदर समझना मूर्खता है। हनुमान वेदों और व्याकरण के प्रकांड विद्वान थे। कार्यक्रम का संचालन कृष्णमूर्ति ने किया। सभा को संबोधित करते हुए आचार्य डॉ. अजय आर्य ने कहा कि युवाओं के सच्चे आदर्श वीर हनुमान ही हो सकते हैं। हनुमान के जीवन में शक्ति, भक्ति और सेवा की त्रिवेणी है। जिम जाने वाली इस पीढ़ी को वीर हनुमान से प्रेरणा लेनी चाहिए। वाल्मीकि रामायण में हनुमान का परिचय देते हुए बताया गया है कि ऋग्वेद और यजुर्वेद को जानने वाले हनुमान थे। हनुमान की शक्ति अद्भुत थी। ताकतवर होने के बाद भी उनके पास विनम्रता की अद्भुत शक्ति है। शास्त्र कहते हैं कि जो बड़ों का आदर करता है उसकी आयु, विद्या, यश और बल प्राप्त होते हैं। हनुमान के चरित्र में विलक्षण व्यक्तित्व समावेश हुआ है। इन तीन प्रतिज्ञाओं से तीन संकल्पों से जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आएंगे। कार्यक्रम में मनोज आर्य, कृष्णमूर्ति आर्य , इंद्र आर्य, हिमांशु आर्य, डॉ नीलमा मल्होत्रा, डॉ रजनीश मल्होत्रा, संदेश आर्य, विवेक आर्य, सुपर्णा आर्य, कान्हा आर्य, तुषार आर्य, साक्षी आर्या, कविता आर्या, दामिनी आर्या, दिव्या, भाग्यश्री आर्या ने यज्ञ में आहुति दी।

29 मई से 1 जून 2025 को बाराबंकी उत्तर प्रदेश में होना है आयोजन

## जून में होने वाले नेशनल टेनिस बॉल टूर्नामेंट में शामिल होगी छत्तीसगढ़ की टीम, बालक-बालिका टीम का चयन

कार्नर न्यूज

### चयनित खिलाड़ियों को समर कैंप में देंगे ट्रेनिंग

**भिलाई।** भारतीय टेनिस बॉल क्रिकेट संघ के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश टेनिस बॉल क्रिकेट संघ द्वारा सब जूनियर नेशनल टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप का आयोजन बाराबंकी उत्तर प्रदेश में होना है। 29 मई में से 1 जून 2025 तक प्रतियोगिता होगी। इसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश टेनिस बॉल क्रिकेट टीम बालक एवं बालिका टीम प्रतिनिधित्व करेगी। इसका चयन सेक्टर 1 क्रिकेट स्टेडियम में किया गया। टीम में 32 बालक खिलाड़ी एवं 17 बालिका खिलाड़ी चयन स्पर्धा में उपस्थित हुए। चयनकर्ता सुनील कुमार डड़सेना, संतोष प्रसाद, जयप्रकाश आर्य, कुदरत दास एवं महिला चयनकर्ता कुंती सिंह, सुनीता यादव, सुधा संतोष प्रसाद, कुदरत दास इस अवसर पर मौजूद थे। सिलेक्शन कमेटी चेयरमैन एवं बीएसपी टेनिस बॉल क्रिकेट क्लब के सचिव वंश बहादुर सिंह, सचिव आजाद अहमद खान भी मौजूद थे।



### प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

प्रतियोगिता में देश के लगभग सभी राज्यों की टीमें भाग लेंगी। इस स्पर्धा में बेहतर प्रदर्शन के लिए चयनित खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। टीम में दुर्ग के अलावा प्रदेश के अन्य जिलों के खिलाड़ियों को भी जगह मिली है। उन्हें विशेष कोच-मैनेजरों द्वारा रोज सुबह व शाम खेल प्रशिक्षण दिया जाएगा। स्पर्धा के लिए सभी खिलाड़ियों का पंजीयन भी किया गया है। टीम की इंट्री के आधार पर स्पर्धा में ग्रुप के मुकाबले तय होंगे। लीग व मैच व सेमीफाइनल दिन में खेले जाएंगे। राष्ट्रीय टेनिस बाल क्रिकेट स्पर्धा के लिए प्री-नेशनल प्रशिक्षण में शामिल चयनित खिलाड़ियों को अभी से अलर्ट कर दिया गया है। उन्हें प्रतियोगिता से जुड़ी जानकारी भी दी गई है।

### जल्द लगाया जाएगा कैम्प, एक्सपर्ट खिलाड़ियों की ली जाएगी मदद

जानकारी के मुताबिक टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए संभावित चयनित टीम का प्रशिक्षण शिविर जल्द शुरू होगा। इसके लिए स्पेशल कैम्प लगाया जाएगा। एक्सपर्ट खिलाड़ियों की मदद ली जाएगी। प्रशिक्षण के बाद मुख्य टीम का चयन किया जाएगा। इसके बाद आयोजित होने वाली नेशनल चैम्पियनशिप में टीम भाग लेगी। शिविर में खिलाड़ियों के फिटनेस, बॉल, बैटिंग, फील्डिंग पर ध्यान दिया जा रहा है। सीसी विकेट पर बॉलिंग कराई जा रही है। खिलाड़ियों को रनिंग की भी तैयारी कराई जा रही है। मैदान पर नियमित रूप से अभ्यास भी कराया जा रहा है।



## सिटी स्पोर्ट्स

### एलिट ग्रुप क्रिकेट में साहिल के नाबाद 70 रन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट मल्टी डे टुर्नामेंट 2024-25 का आयोजन 09 मार्च से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की विभिन्न 10 टीमों ने भाग ले रही हैं। 13 से 16 अप्रैल फाइनल मैच की श्रृंखला तीसरे दिन रायपुर ब्लू बनाम भिलाई के बीच राजनांदगांव में मुकाबला हुआ। रायपुर ब्लू ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 171 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 564 रन बनाये। रायपुर ब्लू की ओर से अनुराग साहु ने सर्वाधिक नाबाद 174 रन बनाये साथ ही आशीष कुमार डहरीया ने 129 रन तथा अवनीश सिंह धालीवाल ने 114 रनों का योगदान दिया। वहीं भिलाई की ओर से हर्ष शर्मा ने 4 विकेट तथा गर्व कुमार सिंह ने 2 विकेट प्राप्त किये। तीसरे दिन की समाप्ति तक भिलाई ने अपनी पहली पारी में 93 ओवरों में 5 विकेट खोकर 248 रन बना लिये हैं। भिलाई की ओर से साहिल रजत शरीफ ने नाबाद 70 रन तथा गर्व कुमार सिंह ने 64 रनों का योगदान दिया। वहीं रायपुर ब्लू की ओर से ऋषि शर्मा ने 3 विकेट प्राप्त किये। तीसरे दिन की समाप्ति तक भिलाई 316 रनों से पीछे है।

### राजकुमार कॉलेज 116 रनों से जीत हासिल कर फायनल में विजेता



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के तत्वावधान में रायपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसियेशन द्वारा मेंस अंडर 16 इंटर स्कूल क्रिकेट टुर्नामेंट - 2025 का आयोजन 05 अप्रैल से चल रहा था। मंगलवार 15 अप्रैल को प्रतियोगिता का फायनल मैच आदर्श विद्यालय, मोवा विरुद्ध राजकुमार कॉलेज के मध्य आरडीसीए मैदान, रायपुर में खेला गया। राजकुमार कॉलेज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया।

राजकुमार कॉलेज ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 25 ओवरों में 4 विकेट खोकर 228 रनो का विशाल स्कोर बनाया। राजकुमार कॉलेज की ओर से अनिरुद्ध कौशल ने 71 रन, राघव मुंदडा ने 62 रन तथा अंशुल वाधवानी ने 41 रनों का योगदान दिया। वहीं आदर्श विद्यालय, मोवा की ओर से वासु राव, कृष तथा जायद शेख ने 1-1 विकेट प्राप्त किये। 229 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आदर्श विद्यालय, मोवा 25 ओवरों में 8 विकेट खोकर 112 रन ही बना सकी। आदर्श विद्यालय, मोवा की ओर से सचिन पिल्लई ने 54 रन तथा अजीम ने 16 रनों की पारी खेली। राजकुमार कॉलेज की ओर से अपूर्व देवांगन ने 3 विकेट तथा अनंत सुराना ने 2 विकेट प्राप्त किये। राजकुमार कॉलेज ने मैच 116 रनों से जीत लिया। अपूर्व देवांगन प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किए गए। प्रतियोगिता के अन्य पुरस्कार में प्लेयर ऑफ द टुर्नामेंट - जायद शेख बेस्ट बैटसमैन - अनिरुद्ध कौशल बेस्ट बॉलर अपूर्व देवांगन शामिल हैं।

### छत्तीसगढ़ कबड्डी प्रीमियर लीग की चैंपियन बनी हरिणी वारियर्स



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कबड्डी प्रीमियर लीग महिला वर्ग के 8 वे सीजन का आयोजन बिलासपुर ग्राम खैरा रतनपुर मे किया गया। एनआईएस कबड्डी कोच ओमकार जयसवाल ने बताया कि जिला कबड्डी संघ की मेजबानी मे 11 से 13 अप्रैल तक तीन दिवसीय रात्रिकालीन स्पर्धा के फाइनल मुकाबले में हरिणी वारियर्स महासमुंद विरुद्ध गोंडवाना रेप्टार्स राजनांदगांव के मध्य मुकबला खेला गया। महासमुंद 37-28 के मुकाबले 9 अंको से हराकर चैंपियन बनी। इस प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल मुकाबला हरिणी वारियर्स महासमुंद और जीपीएम पेंथर्स पेंड्रा के मध्य खेला गया। जिसमे महासमुंद ने 40-39 के मुकाबले 1 अंको से फाइनल मे प्रवेश किया।दूसरा सेमीफाइनल गोंडवाना रेप्टार्स राजनांदगाव विरुद्ध भिलाई स्टीलर्स के मध्य खेला गया जिसमे राजनांदगाव ने 34-24 के मुकाबले 10 अंको से हराकर फाइनल मे प्रवेश किया। मुकाबले के निर्णायक मे एम सिंह, सावित्री जायसवाल, राकेश कश्यप, सरिता सिदार, चमेली, मंजू निर्मलकर, सुरेन्द्र कश्यप, शितिपाती साहू, बिजेंद्र पटेल, आदि शामिल थे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि रतनपुर थाना प्रभारी नरेश चौहान, बिलासपुर संभाग क्रीड़ा जीडी गर्ग, जिला पंचायत सदस्य रजनी पिंटू मरकाम, सी वी रमन यूनिवर्सिटी खेल विभाग प्रमुख डॉ जयशंकर यादव व ग्राम पंचायत खैरा सरपंच सुकृता पोर्ते के हाथो प्रतियोगिता मे प्रथम पुरुस्कार 50000 रु व ट्रॉफी द्वितीय पुरुस्कार 31000 रु व ट्रॉफी गोंडवाना रेप्टार्स राजनांदगाव, तृतीय पुरुस्कार 21000 रु व ट्रॉफी जीपीएम पैंथर्स व चतुर्थ पुरुस्कार 15000 रु ट्रॉफी भिलाई स्टीलर्स को प्रदान किया गया। इसके अलावा प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी सब्बो मुस्कान को 7000 रु, बेस्ट रेडर ज्योति भाटी को 5100 रु प्रदान किए।

---

**सेहत की बात- प्रोटीन-विटामिन्स और मिनरल्स की तरह जरूरी है साइट्रिक एसिड**

# शरीर के लिए नियमित जरूरी होता है साइट्रिक एसिड, आहार में संतुलित ढंग से शामिल कर बना सकते हैं अपनी सेहत

प्रोटीन-विटामिन्स और मिनरल्स पर तो हम सभी अक्सर चर्चा करते रहते हैं, पर क्या आप साइट्रिक एसिड की जरूरतों के बारे में जानते हैं? हमें नियमित रूप से इसकी आवश्यकता होती है। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए हमें निरंतर ऐसे आहार के सेवन की जरूरत होती है, जिससे जरूर सभी पोषक तत्व आसानी से प्राप्त हो सकें। प्रोटीन-विटामिन्स और मिनरल्स पर तो हम सभी अक्सर चर्चा करते रहते हैं, पर क्या आप साइट्रिक एसिड की जरूरतों के बारे में जानते हैं? वैसे तो इसकी चर्चा काफी कम होती है पर ये हमारी सेहत के लिए बहुत आवश्यक माना जाता है।

साइट्रिक एसिड प्राकृतिक यौगिक है जिसका कई प्रकार से इस्तेमाल किया जाता रहा है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं जो शरीर को कई गंभीर और संक्रामक बीमारियों से सुरक्षित रखने में मदद कर सकते हैं। साइट्रिक एसिड सभी खट्टे फलों में प्राकृतिक रूप से पाया जाता है। यह मेटाबॉलिज्म में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जिसका उपयोग आपका शरीर भोजन को ऊर्जा में बदलने के लिए करता है। शरीर के कई कार्यों में होती है ।



## साइट्रिक एसिड क्यों जरूरी है?

साइट्रिक एसिड का मुख्य कार्य शरीर में ऊर्जा के उत्पादन में मदद करना है। जब हम कार्बोहाइड्रेट्स-फैट्स और प्रोटीन वाली चीजें खाते हैं, तो शरीर उन्हें ऊर्जा में परिवर्तित करने के लिए विभिन्न रासायनिक प्रक्रियाओं से गुजरता है। इनमें से एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है क्रेब्स साइकल, जो कोशिकाओं में ऊर्जा उत्पन्न करने में मदद करती है। इस साइकल में साइट्रिक एसिड का मुख्य योगदान होता है। वैसे तो हमें आहार के माध्यम से ये पोषक तत्व प्राप्त होता रहता पर कुछ लोगों में इसकी कमी होने का भी खतरा हो सकता है।

साइट्रिक एसिड की कमी होना वैसे तो काफी दुर्लभ है, क्योंकि शरीर इसे विभिन्न आहार स्त्रोतों से प्राप्त करता है। हालांकि कुछ कारणों या बीमारियों के कारण जब साइट्रिक एसिड साइकल में कोई गड़बड़ी आ जाती है, तो शरीर में ऊर्जा उत्पादन प्रभावित हो सकता है। इसके कारण आपको थकान, मांसपेशियों में कमजोरी सहित अन्य शारीरिक समस्याएं हो सकती हैं।



## आहार से साइट्रिक एसिड की पूर्ति कैसे करें?

साइट्रिक एसिड मुख्य रूप से खट्टे फलों में पाया जाता है। आहार में इससे भरपूर चीजों को शामिल करके शरीर को कई प्रकार से लाभ हो सकते हैं।

नींबू में साइट्रिक एसिड की उच्च मात्रा होती है। इसका सेवन ताजे रूप में या पानी में निचोड़कर किया जा सकता है। इसी तरह संतरा और अन्य खट्टे फल, जैसे अंगूर, टमाटर, और आमला, साइट्रिक एसिड का अच्छा स्त्रोत होते हैं। अनार को आहार में शामिल करके साइट्रिक एसिड की पूर्ती की जा सकती है। ये



एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होता है।

## सही मात्रा में करें सेवन

साइट्रिक एसिड शरीर में ऊर्जा उत्पादन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसकी कमी से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। अच्छे आहार, जैसे खट्टे फल, साइट्रिक एसिड की कमी को दूर करने में मदद कर सकते हैं। उचित मात्रा में इनका सेवन करना शरीर को स्वस्थ और ऊर्जावान बनाए रखने में सहायक है। हालांकि इसकी मात्रा का ध्यान रखना जरूरी है, अधिक मात्रा में सेवन से कई दुष्प्रभाव भी हो सकते हैं।

---



# इस मौसम में बढ़ जाता है फूड इंटॉलरेंस, जानिए कुछ खास बातें

वेट कम होना और फैट कम होना दो अलग-अलग चीजें होती हैं उसी तरह खाने से एलर्जी होना और फूड इंटॉलरेंस और भूख सहन न होना भी 2 अलग-अलग चीजें होती हैं। कई बार जब हम खाना नहीं पचा पाते (जिसे अपच कहते हैं), तो हमारे शरीर पर इसका उलटा असर होता है, जैसे एलर्जी में होता है। उसे खाद्य असहिष्णुता/खाने का न पचना/फूड इंटॉलरेंस कहते हैं।

खाने को न पचा पाना वो होता है जब बहुत कॉमन बात है। खाने को न पचा पाना डाइजेस्टिव सिस्टम की प्रोसेस होती है। यह तब होती है, जब आप कुछ ऐसा खाते या पीते हैं, जिसे आपका शरीर नहीं तोड़ सकता या पचा नहीं पाता।

फूड इंटॉलरेंस, दर्दनाक और असहज हो सकती है। हालांकि इससे लाइफ को कोई खतरा नहीं होता लेकिन कभी कभार खाना न पच पाने से कई समस्याएं हो सकती हैं। इसके लिए जरूरी है कि आप उन फूड को खाना बंद कर दें ताकि आगे चलकर ये समस्या न आएं।

## फूड इंटॉलेरेंस का कारण



फूड इंटॉलेरेंस तब होता है जब खाने को पचाने के लिए पर्याप्त एंजाइम नहीं होते। उदाहरण के लिए अधिकतर लोगों को डेयरी प्रोडक्ट से फूड इंटॉलेरेंस होती है। डेयरी प्रोडक्ट में लेक्टोस होता है और लेक्टेज एंजाइम की कमी के कारण जो लोग डेयरी प्रोडक्ट का सेवन करते हैं उनमें ये समस्या देखी जाती है। फूड इंटॉलेरेंस के कारण होने वाली समस्या के बारे में भी जान लीजिए, जिससे समझ जाएंगे कि जो खाना खाने के बाद ये समस्या हो रही हैं, उनका लिमिटेड मात्रा में सेवन करना चाहिए।

## सूजन और गैस

न्यूयॉर्क शहर स्थित इंटर्निस्ट और गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट, एमडी, निकेत सोनपाल के मुताबिक, अत्यधिक सूजन और गैस, फूड इंटॉलेरेंस के सबसे आम लक्षणों में से हैं।

हाई फाइबर भोजन के बाद थोड़ी सूजन और गैस आम है। लेकिन जब ये लक्षण असहज या दर्दनाक हो जाते हैं और हर बार जब आप एक निश्चित भोजन खाते हैं, उसके बाद ही ऐसा होता है तो ये फूड इंटॉलेरेंस है। हालांकि यह हर किसी को नहीं होता। सूजन और गैस अक्सर लैक्टोज असहिष्णुता या गाय के दूध उत्पादों में चीनी (लैक्टोज) को पूरी तरह से पचाने में असमर्थता के संकेत होते हैं। क्योंकि लैक्टोज असहिष्णुता, असहिष्णुता का सबसे आम प्रकार है। यदि लैक्टोज असहिष्णुता सूजन का कारण है, तो दूध, दही, पनीर और आइसक्रीम जैसे डेयरी उत्पाद खाने या पीने के कुछ घंटों बाद भी आपको पेट दर्द या दस्त का अनुभव हो सकता है।

आमतौर पर बहुत अधिक सूजन और गैस के साथ, पेट दर्द इंटॉलेरेंस का एक और विशिष्ट संकेत है। पेट दर्द हर किसी में अलग-अलग होता है। अगर किसी को फूड इंटॉलेरेंस है तो उसमें पेट दर्द आमतौर पर मध्य और निचले पेट में ऐंठन जैसा महसूस होता है।

---

# गर्मियों में किचन को ठंडा रखने के स्मार्ट हैक्स, आएंगे आपके बेहद काम



गर्मियों के मौसम में किचन में घुसते ही इतनी भयंकर गर्मी लगती है कि काम करने का भी मन नहीं करता है। ऐसे में किचन को ठंडा रखना बेहद जरूरी हो जाता है। आज हम आपको कुछ ऐसे स्मार्ट हैक्स बताने जा रहे हैं। जिनकी मदद से आप गर्मी के मौसम में भी किचन को ठंडा रख सकती हैं।

गर्मी के मौसम में बस लगता है कि ठंडी जगह पर पूरे दिन बैठे रहें, क्यूंकि एसी या कूलर वाले कमरे से बाहर निकलते ही पूरा शरीर पसीने से भीग जाता है। ऐसे में हम चाहते हैं कि हम घर के जिस भी हिस्से में जाएं वहां बस ठंडक का एहसास हो, ताकि चिलचिलाती गर्मी में अच्छा फील हो। घर में किचन ऐसी जगह है जहां सबसे ज्यादा गर्मी महसूस होती है। दरअसल, किचन में गैस पर खाना बनने के दौरान निकलते वाली हीट से वहां का वातावरण काफी गर्म रहता है। जिसके चलते रसोई वाले हिस्से में बहुत ज्यादा गर्मी होती है। इसी के चलते गर्मियों के मौसम में किचन के अंदर घुसने का भी मन नहीं करता है।

गर्मियों के दिनों में खाना बनाना सबसे बड़ा टास्क होता है। तेज गर्मी, गैस की हीट की वजह से किचन अक्सर तंदूर जैसा महसूस होने लगता है। किचन से निकलने वाली गर्माहट की वजह से वहां एंट्री करते ही पूरा शरीर पसीने से भर जाता है। ऐसे में खाना बनाना काफी मुश्किल होता है। साथ ही, गर्मी की वजह से हमारी तबियत भी खराब हो सकती है। ऐसे में हमें किचन में कुछ ऐसे स्मार्ट तरीके अपनाने होते हैं, जिससे वहां का माहौल ठंडा रहे और काम करने में अच्छा फील हो। ठंडक होने से आप किचन में कितनी भी देर बिना परेशानी के घंटों खाना बना सकती हैं। तो चलिए जानते हैं वो 5 स्मार्ट हैक्स, जो आपकी गर्मियों की किचन प्रॉब्लम को बना देंगे आसान।

## एक्जॉस्ट को ऑन रखें


आजकल मॉडर्न किचन में वैसे तो चिमनी लगी होती है, लेकिन इसके अलावा आप किचन की विंडो पर एक एग्जॉस्ट फैन जरूर लगवाएं। उसको आप ज्यादा से ज्यादा समय के लिए चलने दें। इससे किचन में मौजूद सारी गर्मी बाहर निकलती रहेगी और गर्मी का एहसास नहीं होगा।

## इनडोर प्लांट्स लगाएं

हम वातावरण को ठंडा और शुद्ध बनाएं रखने के लिए जिस तरह घर के बाहर पेड़-पौधे लगाते हैं। ठीक उसी तरह अंदर का माहौल खासकर रसोई का उसके लिए हमें इनडोर प्लांट किचन में गमले में करके लगाने चाहिए। इससे किचन में आपको अच्छा फील होने के साथ ठंडा भी लगेगा।

---

# घर पर रहती है बिना वजह अशांति तो वास्तु के ये उपाय आएंगे काम



कई बार हमारे घर में कलह-कलेश का कारण वास्तु दोष होते हैं। अगर आपके घर में भी किसी कारण से अशांति बनी रहती है तो आपको वास्तु के कुछ आसान उपाय आजमाने चाहिए। आइए जानें उनके बारे में। अगर आपका घर बन चुका है और बाथरूम, किचन या स्टोर रूम में बदलाव संभव नहीं है, तो कुछ आसान उपायों से आर्थिक गृह क्लेश से मुक्ति पा सकते हैं। इन उपायों को अपनाकर आप अपने घर में सकारात्मक ऊर्जा ला सकते हैं और मानसिक शांति प्राप्त कर सकते हैं। आइए सेलिब्रिटी एस्ट्रोलॉजर प्रदुमन सूरी से जानें वास्तु के कुछ आसान उपाय जो आपके घर में शांति बनाए रख सकते हैं। यदि आप अपने घर के मुख्य द्वार पर स्वास्तिक या ॐ का निशान बनाते हैं, तो यह न केवल सकारात्मक ऊर्जा को आमंत्रित करता है, बल्कि नकारात्मक शक्तियों को भी दूर करने में सहायक होता है।




---

**कार्नर न्यूज**

**मौजूदा समय में सेहत पर ध्यान देना सबसे पहली जरूरत**

# जीवन में चिंता और उदासी को दूर कर देगी आपकी आदतें, बदलाव करना होगा अपनी जीवनशैली में

ऐसा लगता है कि, लाइफ में चिंता और उदासी होना आम बात सी हो गई है। आज की तेज़-तर्रार दुनिया में, चिंता और उदासी की भावनाएँ अक्सर हम पर हावी हो जाती है। हालाँकि, कुछ आदतें अपनाने से मानसिक स्वास्थ्य में काफी सुधार हो सकता है। यह आदतें आपके जीवन से चिंता और उदासी को दूर रखने में मदद कर सकती हैं।

## नियमित व्यायाम

जीवन की चिंता और उदासी से निपटने के लिए व्यायाम सबसे प्रभावी तरीकों में से एक है। क्या आप जानते हैं? शारीरिक गतिविधि करने से बॉडी में एंडोर्फिन जारी होती है, जो प्राकृतिक मूड लिफ्टर हैं। शारीरिक गतिविधियों में चाहे तेज चलना हो, योग करना हो या जिम टाइम हो। नियमित व्यायाम करना आपके दिमाग और शरीर को संतुलन में रखने में मदद कर सकता है।

## माइंडफुलनेस और मेडिटेशन

माइंडफुलनेस और मेडिटेशन का नियमित अभ्यास करने से तनाव का स्तर काफी हद तक कम हो सकता है। इसका रेगुलर अभ्यास आपको वर्तमान में जीने और ध्यान केंद्रित करने में मदद करता हैं।



आपके इस आदत से अतीत के पछतावे या भविष्य की चिंताओं पर सोचने की प्रवृत्ति कम होने लग जाती है। प्रत्येक दिन कुछ मिनटों का ध्यान करना भी बड़ा अंतर ला सकता है।

## हेल्दी भोजन

एक्सरसाइज और ध्यान करने के अलावा, पोषक तत्वों से भरपूर संतुलित आहार भी आपके मूड पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। ओमेगा-3 फैटी एसिड, एंटीऑक्सिडेंट और विटामिन से भरपूर आहार जहां एक तरफ मेन्टल हेल्थ को ठीक रखता है। वहीं, इससे चिंता और उदासी के लक्षणों को कम करने में भी मदद मिलती है। अत्यधिक चीनी और कैफीन से बचें, जिससे मूड में बदलाव हो सकता है।

## पर्याप्त नींद

मानसिक स्वास्थ्य ठीक रहने के लिए नींद काफी महत्वपूर्ण है। कम सोने या नींद में कमी व्यक्ति के जीवन में चिंता और उदासी की भावनाओं को बढ़ा सकती है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि, आपके दिमाग और शरीर को अच्छी तरह से आराम मिले प्रति रात 7-9 घंटे की गुणवत्तापूर्ण नींद का लक्ष्य रखें।

## सोशल कनेक्शन

एक मजबूत सोशल कनेक्शन भावनात्मक रूप से ठीक रहने के लिए जरुरी हैं। परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताएं, सामाजिक गतिविधियों में



शामिल हों और ज़रूरत पड़ने पर अपने कनेक्शन से समर्थन मांगें। मीनिंगफुल रिश्ते अपनेपन की भावना प्रदान करते हैं और अलगाव की भावना को कम करते हैं।

## स्क्रीन समय

अत्यधिक स्क्रीन समय, विशेष रूप से सोशल मीडिया पर, चिंता और उदासी की भावनाओं को बढ़ा सकता है। अपने स्क्रीन उपयोग के लिए सीमाएँ निर्धारित करें और ऑफ़लाइन गतिविधियों में शामिल होने के लिए नियमित ब्रेक लें। अपने और अपने आस-पास के लोगों से साथ जुड़ने के लिए डिजिटल डिटॉक्स पर विचार करें।

## हॉबीज में समय बिताना

चाहे आप जिन हॉबीज में आनंद लेते हैं। उसके लिए समय अवश्य निकालें। क्यूँकि, हॉबीज में समय देना आपके तनाव को दूर करने और मूड को बेहतर बनाने का एक शानदार तरीका हो सकता है। चाहे वह पेंटिंग हो, बागवानी हो, पढ़ना हो या कोई म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट बजाना हो।

# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### 'आयरन मैन 2' के एक्टर का दर्द- करोड़ों रुपए का कर्ज चढ़ गया और नहीं मिल रहा काम



हॉलीवुड फिल्म 'आयरन मैन 2' में विलेन बनकर बड़े पर्दे पर छा जाने वाले एक्टर मिकी राउरके इन दिनों तंगहाली में दिन गुजार रहे हैं। हाल ही में एक रियालिटी शो में इस हॉलीवुड एक्टर ने अपनी परेशानी, दुख को साझा किया। जानिए, वह अपनी इस हालत का जिम्मेदार किसे बता रहे हैं?

साल 2010 में 'आयरन मैन 2' में रॉबर्ट डाउनी जूनियर लीड रोल में नजर आए, वहीं विलेन का रोल मिकी राउरके ने निभाया था। विलेन के इस किरदार में मिकी को काफी सराहा गया। इस एक्टर को साल 2008 में 'द रेसलर' फिल्म के लिए ऑस्कर में नॉमिनेट भी किया गया था। इन दिनों मिकी राउरके रियालिटी शो 'बिग ब्रदर' में नजर आ रहे हैं। इस शो पर ही उन्होंने अपनी करियर से जुड़ी दिक्कतों पर बात की। अपनी तंगहाली, कर्ज का जिक्र किया।

मिकी राउरके रियालिटी शो 'बिग ब्रदर' में एक अन्य प्रतियोगी को बताते हैं कि उनका एक्टिंग करियर तबाह हो चुका है, डूबने के कगार पर है। वह बताते हैं कि उन पर लगभग 4 करोड़ रुपये से अधिक का कर्ज है। साथ ही कोई बड़ी फिल्म भी मिकी को नहीं मिल रही है।

मिकी अपनी इस हालत का दोष खुद को ही देते हैं। वह मानते हैं कि उन्होंने अपने करियर में कई गलतियां की हैं। अब उन्हें कोई बड़ी फिल्म नहीं मिल रही है। वह यह भी बताते हैं कि जब हॉलीवुड में धरना-प्रदर्शन हुए थे तो वह भी इसमें शामिल हुए। उनका मानना है कि इन धरना, प्रदर्शनों में शामिल हर व्यक्ति इस वक्त बेरोजगार है।

जब उन्हें कोई काम नहीं मिला तो वह 'बिग ब्रदर' शो का हिस्सा बने। इन दिनों 'बिग ब्रदर' में मिकी राउरके ने कुछ विवादित बयान दूसरे प्रतियोगी को लेकर दिए हैं। इस कारण वह सोशल मीडिया पर ट्रोल भी हो रहे हैं। अपने विवादित बयानों के लिए उन्हें शो के मेकर्स ने भी वॉर्निंग दी है।

## टॉलीवुड

### 'विश्वंभरा' का पहला गाना 'रामा रामा' हुआ जारी, चिरंजीवी के फैंस को मिला तोहफा



चिरंजीवी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'विश्वंभरा' को लेकर भी सुर्खियों में हैं। फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। फिल्म का टीजर पहले ही जारी हो चुका है, जिसे दर्शकों की मिली जुली प्रतिक्रिया मिली थी। मेगास्टार चिरंजीवी की 'विश्वंभरा' अब पोस्ट-प्रोडक्शन स्टेज में है। वहीं, अब दर्शकों का उत्साह बढ़ाने के लिए निर्माताओं ने फिल्म का पहला गाना जारी कर दिया है। दरअसल, 'विश्वंभरा' अपने तय समय से पीछे चल रही है। टीजर को दर्शकों की नकारात्मक प्रतिक्रिया मिली थी, जिसके बाद से टीम ने वीएफएक्स पर दोबारा काम काम करना शुरू किया। हालांकि, अब दर्शकों को खुश करने के लिए फिल्म का पहला गाना 'रामा रामा' आज हनुमान जयंती पर जारी किया गया है। पहली नजर में यह गीत भगवान श्रीराम को समर्पित है, जिसमें सर्वशक्तिमान के महत्व और महान कार्यों के बारे में बताया गया है। सरस्वती पुत्र रामजोगय्या शास्त्री ने इस गीत को लिखा है, जिसे शंकर महादेवन और लिप्सिका ने शानदार ढंग से गाया है। मेगास्टार के डांस मूव्स सरल और दमदार हैं, जो गाने की सादगी के अनुरूप हैं। एमएम कीरवानी ने इस भक्ति गीत के लिए आकर्षक धुनें बनाई हैं। अब यह गाना सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

मल्लीदी वशिष्ठ द्वारा लिखित और निर्देशित 'विश्वंभरा' सामाजिक मुद्दे पर आधारित फिल्म होगी। फिल्म में तृषा और चिरंजीवी के साथ सुरभि, राम्या पसुपलेटी, ईशा चावला, और अश्रिता वेमुगंती नंदूरी जैसे शानदार कलाकार भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म का संगीत मशहूर संगीतकार एमएम कीरवानी ने दिया है। फिल्म का निर्माण यूवी क्रिएशंस ने किया है। फिल्म की रिलीज डेट के एलान होना बाकी है।

## छॉलीवुड

### छत्तीसगढ़ी फिल्म 'निकम्मे' की शूटिंग का एक दौर पूरा



एन. माही फिल्मस की प्रस्तुति छत्तीसगढ़ी फिल्म 'निकम्मे' की शूटिंग पखवाड़े भर की शूटिंग 11 अप्रैल को कुरूद धमतरी में पूरी हुई। फिल्म के निर्माता मोहित कुमार साहू के अलावा टीम के कलाकार और टेक्नीशियनो ने अपना काम बहुत बखूबी निभाया और यह शेड्यूल पूरा हुआ। फिल्म के निर्देशक-विवेक सारवा, स्टार-शशि वर्मा, संदीप त्रिपाठी, कीर्ति जायसवाल, पप्पू चंद्राकर, आकाश सारवा, नकुल महलवार, संगीत निषाद, दीपाली पाण्डेय, संतोष निषाद, डीओपी-नागेश सारवा, लेखक- दिलीप सोनी, प्रोडक्शन-विनोद शर्मा, मेकअप-विलास राउत, कॉस्ट्यूम-अशोक गौर और निषाद, सहायक निर्देशक-संजीव मुखर्जी, जित्तू भट्ट, जयंती मनहर, आर्ट-चूड़ामणि साहू, लाइटिंग-बबीना एंड ग्रुप (उड़ीसा), स्पॉट-अंकुश, आर्यन, विक्रांत, लक्की, गगन, कोमल और अरुण हैं।

## लाइफ स्टाइल



गुलाबी मूड

पिंक यानि गुलाबी रंग अलग-अलग मूड और सौंदर्यशास्त्र को व्यक्त करता है। फैशन की दुनिया में गुलाबी रंग को प्रमुखता दी जाती है। इन दिनों कई तरह के गुलाबी रंग मॉडल इस्तेमाल कर रहे हैं। पेस्टल गुलाबी अक्सर नरम, रोमांटिक लुक में इस्तेमाल किया जाता है, यह शेड ड्रेस, ब्लाउज़ और एक्सेसरीज़ में आम है। कपड़ों पर फ्लोरल प्रिंट महिलाओं के फैशन में एक प्रमुख तत्व हैं। इसी तरह

# गर्मी के मौसम में करा रही हैं हेयर स्पा तो इन बातों का जरूर रखें ध्यान



गर्मियों में बालों को धूप, पसीना, धूल-मिट्टी और उमस से बहुत नुकसान पहुंचता है। ऐसे में हेयर स्पा कराना बालों को पोषण और आराम देने के लिए एक अच्छा उपाय है। हेयर स्पा बालों की डीप कंडीशनिंग का काम करता है, जिससे बालों को पोषण मिलता है और उनकी खूबसूरती बढ़ती है। बालों की जड़े मजबूत होती है साथ ही बाल झड़ना भी कम हो सकते हैं। लेकिन अगर आप गर्मियों में हेयर स्पा करा रहे हैं तो कुछ बातों का खास ध्यान देना चाहिए ताकि इसका पूरा फायदा मिल सके। गर्मियों में हेयर स्पा कराते समय कुछ टिप्स को अपनाने से बाल हेल्दी और चमकदार दिखेंगे। साथ ही स्पा का फायदा भी लंबे समय तक बना रहेगा। इस लेख में जानिए गर्मी के मौसम में हेयर स्पा कराते वक्त किन बातों का ध्यान रखें।

### बालों को धूप से बचाएं

हेयर स्पा के बाद बालों की जड़ें और स्कैल्प बेहद सेंसिटिव हो जाती हैं। ऐसे में धूप में सीधा बाहर निकलना बालों को नुकसान पहुंचा सकता है। कोशिश करें कि हेयर स्पा के बाद कम से कम 24 घंटे तक तेज धूप से बचें।

### स्कैल्प को क्लीन रखें

गर्मी में पसीना और धूल के कारण स्कैल्प में गंदगी जमा हो जाती है, जिससे हेयर स्पा का असर कम हो सकता है। स्पा से पहले बालों को हल्के शैम्पू से धोकर साफ करना जरूरी है।

### ओवर-स्टीम से बचें

गर्मी के मौसम में पहले से ही शरीर का तापमान बढ़ा होता है। ऐसे में हेयर स्पा के दौरान ज़्यादा देर तक स्टीम लेना स्कैल्प को नुकसान पहुंचा सकता है। स्टीम हमेशा सीमित समय तक ही लें।

### हेयर स्पा के तुरंत बाद न धोएं बाल

हेयर स्पा के बाद बालों को कम से कम 24 घंटे तक न धोएं, ताकि इस्तेमाल किए गए प्रोडक्ट्स का पूरा असर हो सके और बालों को पूरा पोषण मिल सके।

# गर्मी में कौन सा फैब्रिक आपको देगा कंफर्ट लुक, ऐसे चुनें समर आउटफिट





गर्मी के मौसम में कौन सा फैब्रिक सही है? इस बात को लेकर अब परेशान होने की जरूरत नहीं है। इस खबर में हम आपको बताएंगे, कुछ ऐसे फैब्रिक के बारे में जिन्हें आप गर्मी के मौसम में पहनकर हल्का महसूस कर सकती है।

गर्मी का मौसम शुरू हो गया है और ऐसे मौसम में अधिकतर महिलाएं आरामदायक कपड़े पहनना पसंद करती है। लेकिन क्या आप जानती हैं, गर्मी के मौसम में कौन सा फैब्रिक पहनना सही होता है। अगर नहीं तो यह खबर आपके लिए है। आज हम आपको ऐसे चार फैब्रिक के बारे में बताएंगे, जिन्हें आप गर्मी के मौसम में पहन कर आरामदायक महसूस कर सकती है। आइए जानते हैं इन फैब्रिक के बारे में।

### गर्मी के मौसम में ये फैब्रिक है बेस्ट

अगर आप भी गर्मी में किस फैब्रिक के कपड़े पहने इस बात को लेकर कन्फ्यूजन है, तो बता दें कि गर्मी के मौसम में आप कॉटन के कपड़े ट्राई कर सकती हैं। कॉटन का कपड़ा बहुत हल्का और आरामदायक होता है, जिसे पहनकर आप गर्मी के मौसम में कंफर्टेबल और फ्री महसूस कर सकती हैं। आप कॉटन के कपड़े से तैयार कई ड्रेस ट्राई कर सकती हैं।

### कोटा डोरिया फैब्रिक

गर्मी के मौसम में पसीने की वजह से अगर आप परेशान हो जाती हैं, तो आप कोटा डोरिया फैब्रिक के भी कपड़े ट्राई कर सकती हैं। इसे पहनकर भी आप कंफर्टेबल महसूस कर सकती हैं। यही नहीं यह आपको क्लासी और गॉर्जियस लुक देने में भी मदद करेगा। आप इस फैब्रिक के कपड़े ऑनलाइन और ऑफलाइन खरीद सकती हैं।

### शिफॉन फैब्रिक


गर्मी के मौसम में अगर आप क्लासी और कंफर्टेबल लुक पाना चाहती हैं, तो शिफॉन फैब्रिक को भी चुन सकती हैं। इससे बने कपड़े आप गर्मी में पहनकर आरामदायक महसूस कर सकती हैं। यह एक लाइटवेट फैब्रिक है।

# लेडीज पर्स आपके आउटफिट को बनाएंगे अट्रैक्टिव

अपने आउटफिट में स्टाइलिश लुक पाने के लिए महिलाएं जहां बेस्ट एक्सेसरीज़ का चुनाव करती हैं। तो वहीं इसके साथ पर्स भी स्टाइल करती हैं। पर्स आपको कई सारे कलर और डिजाइन ऑप्शन के साथ मिल जाएंगे। लेकिन, अगर आप कुछ न्यू डिजाइन में पहनने का सोच रही हैं तो आप इस तरह के इस आर्टिकल में दिखाए गए लेटेस्ट डिजाइंस वाले पर्स स्टाइल कर सकती हैं और इस तरह के पर्स में आपका लुक बेहद ही खूबसूरत नजर आएगा।

### एम्ब्रॉयडरी क्लच पर्स

अपने आउटफिट के साथ स्टाइलिश लुक पाने के लिए आप इस तरह के एम्ब्रॉयडरी वाले क्लच पर्स का चुनाव कर सकती हैं। इस क्लच पर्स में एम्ब्रॉयडरी की गई है साथ ही, इसमें फ्लोरल पैटर्न में डिजाइन बनाया गया है। इस तरह का एम्ब्रॉयडरी क्लच पर्स आप ऑनलाइन या ऑफलाइन इन दोनों ही जगहों से 400 रुपये में खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं। इस एम्ब्रॉयडरी क्लच पर्स को आप लाइट कलर की साड़ी या सूट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। एम्ब्रॉयडरी में अप इस तरह पर्स का भी चुनाव सकती हैं यह पर्स गोल है साथ ही,



इसमें बेहद ही खूबसूरत एम्ब्रॉयडरी की गई हैं। इस तरह का पर्सआप सूट, साडी साथ ही ड्रेस के साथ स्टाइल कर सकती हैं। यह पर्स आप ऑनलाइन या ऑफलाइन इन दोनों ही जगहों से 200 से 300 रुपये की कीमत में खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं।

### पोटली बैग

अगर आप साड़ी या लहंगे में स्टाइलिश लुक पाना चाहती हैं तो अप इस तरह के पोटली बैग स्टाइल कर सकती हैं। यह पोटली बैग आपको कई सरे कलर और डिजाइन ऑप्शन के साथ 300 रुपये की कीमत में मिल सकती हैं। इस तरह का पोटली बैग आप आउटफिट के कलर के हिसाब से चुनकर स्टाइल कर सकती हैं। अगर आप कुछ न्यू डिजाइन में पहनने का सोच रही हैं तो आप इस तरह का हैण्ड क्राफ्ट पर्स का भी चुनाव कर सकती हैं।

# वीकेंड पर स्किन केयर के दौरान कर लें ये काम, हफ्ते भर चमक सकता है चेहरा

गर्मी का मौसम हो या ठंड का मौसम महिलाएं हर मौसम में अपने चेहरे को खूबसूरत बनाने के प्रयास में जुटी रहती है। हर महिला चाहती है कि वह सबसे खूबसूरत और स्टाइलिश दिखे। ऐसे में कुछ महिलाएं बाजार के महंगे प्रोडक्ट का इस्तेमाल करती हैं, तो वहीं कुछ महिलाएं घरेलू उपाय आजमाती है। ऐसे में अगर आप वर्किंग वुमन है और अपनी स्किन की देखभाल सिर्फ वीकेंड पर ही कर पाती हैं, तो आप ब्यूटी एक्सपर्ट के बताएं कुछ टिप्स वीकेंड पर कर अपने चेहरे को खूबसूरत बना सकती हैं। आइए जानते हैं उन टिप्स के बारे में।

### ब्यूटी एक्सपर्ट की मानें राय

ब्यूटी एक्सपर्ट रेनू माहेश्वरी ने बताया कि चेहरे को खूबसूरत बनाने के लिए महिलाएं हर एक प्रयास करने को तैयार हो जाती है। ऐसे में अगर आप वीकेंड पर अपनी खूबसूरती को निखारती हैं, तो आप कुछ टिप्स को फॉलो कर अपने चेहरे को और खूबसूरत बना सकती हैं। इसके लिए आप अपनी स्किन के टाइप के हिसाब से अपने चेहरे पर कुछ चीजों का इस्तेमाल कर सकती है।



### चेहरे की मसाज करें

ब्यूटी एक्सपर्ट ने आगे कहा कि अगर आपकी स्किन ऑयली है, तो आप वीकेंड पर अपने चेहरे पर नीम ऑयल, टी ट्री ऑयल दोनों को मिलकर अपने चेहरे की मसाज कर सकती है। ऑयल मसाज आपके चेहरे के लिए काफी फायदेमंद साबित हो सकती है। हफ्ते में एक बार अगर आप ऑयल मसाज करती हैं, तो इससे आपके चेहरे की ऑइली स्किन को कम किया जा सकता है और चेहरे को खूबसूरत बनाया जा सकता है।

## कार्नर न्यूज

### मौसम के हिसाब से चुनें बेस्ट डील

# गर्मी के लिए सस्ते और स्टाइलिश ड्रेस, घर पर या कहीं पहन कर जाने के लिए हैं परफेक्ट

महंगाई के दौर में सस्ता और अच्छा मिलना सौभाग्य की बात है। इस समय हर चीज की कीमत तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में आपके लिए कुछ बेस्ट डील मौजूद हैं। यहां पर कुछ सस्ते और अच्छे कपड़े की जानकारी देने आए हैं। ये सभी ड्रेस ब्रांडेड हैं जिनकी क्वालिटी को लेकर सोचना ही नहीं है।

क्योंकि, सोशल मीडिया जैसे-फेसबुक, इंस्टाग्राम पर कपड़ें सस्ते दाम पर बिकते हैं। मगर ऑर्डर करने के बाद आते कुछ और हैं। साथ ही कई बार पैसे देने के बाद ऑर्डर पहुंचता नहीं है। मगर आपको इस बात की चिंता करने की जरूरत नहीं है। यहां जो दिख रहा है वहीं, आप तक पहुंचेगा।

वैसे समर सीजन में किस तरह के ड्रेस खरीदने की सोच रहे हैं-

अगर गर्मी में आरामदेह और स्टाइल के बारे में सोच रहे हैं तो फिर इन्हें खरीदें। इनको आप घर पर पहनकर रह सकते हैं। इसके अलावा यदि घर से बाहर जा रहे हैं तो भी ये परफेक्ट लुक देंगे।

वैसे भी लॉकडाउन में कहां निकलना है तो फिर ऐसे ही हल्के और सस्ते ड्रेस क्यों न लें। अगर आप इस तरह के ब्रांडेड ड्रेस कम कीमत पर खरीदना चाहते हैं तो यहां देखें:-





**टी-शर्ट:** गर्मी में टी-शर्ट पहनना किसे पसंद नहीं है। ये बेहद आरामदेह जो होती है। इसलिए हम आपके लिए यहां पर नई टी-शर्ट की जानकारी दे रहे हैं। इसको आप अपने समर वार्डरोब में शामिल करें। क्योंकि पुरानी टी-शर्ट को कब तक पहनेंगे। अगर सस्ते दाम पर नई टी-शर्ट मिल रही है तो बदल लेने में ही भलाई है।

अगर आपको ये स्टाइल पसंद नहीं आ रही है तो नाराज न हो।

अगर आपको ये स्टाइल पसंद नहीं आ रही है तो नाराज न हो। क्योंकि यहां पर एक के अलावा भी विकल्प मौजूद हैं। इसकी कीमत भी काफी कम है। यकीनन आपको इस दाम में ब्रांडेड टी-शर्ट कहां मिलने वाली है:-टी-शर्ट खरीदने के लिए यहां देखें

इन सबके अलावा कलरब्लॉक्ड टी-शर्ट भी गर्मी में खूब पहने जाते हैं। सच पूछो तो ये देखने में काफी अट्रैक्टिव होते हैं। आपको कम से कम एक टी-शर्ट अपने वार्डरोब में इस स्टाइल का रखना चाहिए।

**स्लीवलेस टी-शर्ट** : प्रिंटेड स्लीवलेस टी-शर्ट गर्मी में सबसे अधिक पहनी जाती हैं। लड़कों को ये बेहद पसंद आती है। क्योंकि इससे ज्यादा आरादेह और स्टाइलिश कुछ नहीं। अगर आप अपने आर्मपिट के पसीने से परेशान हैं तो ऐसे में इस तरह के स्लीवलेस टी-शर्ट पहनें।

**हूडेड टी-शर्ट:** हूडेड स्टाइल के कपड़े अधिकतर लोग सर्दी के मौसम में पहनना पसंद करते हैं। मगर ऐसा नहीं है कि आप इसे गर्मी में नहीं पहन सकते। अब आपको समर सीजन के हिसाब से भी इस स्टाइल के टी-शर्ट मिलेंगे। यकीनन आप इनको पहनकर कूल दिख सकते हैं।

**बॉक्सर पैंट** : बॉक्सर पैंट बाजार में मिल जाते हैं। मगर उनकी सिलाई, कलर और फैब्रिक पसंद नहीं आती है। अगर आप अच्छी गुणवत्ता वाले बॉक्सर पैंट तलाश रहे हैं तो हां क्यों नहीं देखते हैं। यहां पर आपको कम दाम में बेहतर क्वालिटी का बॉक्सर पैंट मिल जाएगा। जिसको आप पहनकर कंफर्म फील करेंगे।

**सूती की बनियान** : सूती की बनियान या गंजी गर्मी के लिए बेस्ट होती हैं। ये न केवल कंफर्ट के मामले में बल्कि हमारे स्वास्थ्य के हिसाब से भी बेस्ट होते हैं। हमें गर्मी में बनियान पहनना चाहिए। विशेषकर शर्ट के भीतर बनियान या गंजी पहननी चाहिए। मगर कई लोग गलत तरीके से पहनते हैं जिसकी वजह से वो बाहर दिखते हैं। इसके लिए आप गंजी या बनियान को पहनने का सही तरीका समझ लें।